




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 35 अंक 302 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 01 अगस्त 2024 डाक 02 अगस्त 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा


**विविधा**

केरल के वायनाड जिले में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन के बाद बचाव अभियान जारी है



**देश-विदेश**

ईडी ने महाराष्ट्र से संचालित कंपनियों के ठिकानों पर की छापेमारी, नकदी जब्त, खातों में की गई हेराफेरी




**कोरिया जिला**

चंद घंटे में खाली कराया गया स्कूल भवन,महाप्रबंधक ने तत्काल लिया संज्ञान....



# SC-ST के रिजर्वेशन में बन सकेगी सब-कैटेगरी, कोटा के अंदर कोटा को सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी, 2004 के फैसले को पलटा

**नईदिल्ली, 01 अगस्त [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने आज एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कोटा के अंदर कोटा को मंजूरी दे दी है। सुप्रीम कोर्ट के 7 न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि अब अनुसूचित जातियों का उप-वर्गीकरण, अनुसूचित जाति श्रेणियों के भीतर अधिक पिछड़े लोगों के लिए अलग से कोटा प्रदान करने के लिए स्वीकार्य है। कोर्ट ने कहा कि अब राज्य सरकार पिछड़े लोगों में भी अधिक जरूरतमंदों को फायदा देने के लिए सब कैटेगरी बना सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में यह भी स्पष्ट किया कि उप-वर्गीकरण (सब कैटेगरी) की अनुमति देते समय राज्य किसी उप-श्रेणी के लिए 100 फीसद आरक्षण निर्धारित नहीं कर सकता। साथ ही, राज्य को उप-



श्रेणी के अपर्याप्त प्रतिनिधित्व के संबंध में अनुभवजन्य आंकड़ों के आधार पर उप-वर्गीकरण को उचित ठहराना होगा। सीजेआई ने कहा कि सबसे निचले स्तर पर भी वर्ग के लोगों के साथ संघर्ष उनके प्रतिनिधित्व के साथ खत्म नहीं होता है। सीजेआई ने कहा कि चिन्नैया के 2004 के फैसले को खारिज किया जाता है कि अनुसूचित वर्गों का उप-वर्गीकरण अस्वीकार्य है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि 6 राय हैं। जस्टिस बेला त्रिवेदी ने असहमति जताई है। सीजेआई ने कहा कि हममें से अधिकांश ने ईवी चिन्नैया के फैसले को खारिज कर दिया है और हम मानते हैं कि उप-वर्गीकरण स्वीकार्य है। सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की बेंच ने 6.1 बहुमत से माना कि आरक्षित वर्गों यानी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का उप-वर्गीकरण स्वीकार्य है।

# हिमाचल की तबाही: तीन जगह बादल फटे...मकान-पुल और सड़कें बही

## परिवार के 7 लोगों समेत 53 लापता




**शिमला, 01 अगस्त [एजेंसी]।**

हिमाचल प्रदेश में बारिश ने तबाही मचाई हुई है। कुल्लू के निरमंड ब्लॉक, कुल्लू के मलाणा और मंडी जिले में बादल फटे हैं। बादल फटने से भारी तबाही मची है। कई मकान, स्कूल और अस्पताल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। तीनों जगह पर करीब 53 लोग लापता हो गए हैं। यहां 35 लोग सुरक्षित बचाए गए हैं। बादल फटने की घटना के बाद मंडी के पधर के सभी स्कूल और शिक्षण संस्थान आज बंद कर दिए गए हैं। डीसी ने आदेश जारी किए हैं।मंडी के थलटूखोड़ में आधी रात बादल फटने से तबाही मच गई। यहां मकान ढहने की सूचना है। सड़क कनेक्टिविटी भी ठप हो गई है। मौके के लिए एसडीआरएफ समेत अन्य टीमें रवाना हो गई हैं। थलटूखोड़ पंचायत प्रधान कली राम ने बताया कि तेरंग और राजबन गांव में बादल फटने की घटना हुई है। घटना में कई लोग लापता है। तीन घर बहने की सूचना है। जानकारी मिली है कि पधर उपमंडल के थलटूखोड़ में बादल फटने की घटना में नौ लोग लापता हैं, एक शव बरामद किया गया है। जबकि 35 सुरक्षित हैं।

मंडी जिला प्रशासन ने रेस्क्यू के लिए एयरफोर्स को अलर्ट किया है। मदद की जरूरत होने पर सेवाएं ली जाएंगी। एनडीआरएफ को भी मदद का निवेदन किया गया है। डीसी अपूर्व देवगन और रेस्क्यू टीमें पैदल ही प्रभावित क्षेत्र के लिए जा रही हैं। मौके पर मौजूद स्थानीय प्रशासन राहत कार्यों में जुटे हैं। सड़कें और रास्ते टूटने के कारण घटनास्थल तक पहुंचने में दिक्कत आ रही है। इसके अलावा, शिमला-कुल्लू सीमा पर बादल फटने से तबाही मची है। कई मकान, स्कूल और अस्पताल क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

कई लोगों के लापता होने की खबर है। राहत एवं बचाव कार्य चलाया गया है। मौके के लिए एसडीआरएफ की टीम रवाना हो गई है। जानकारी के अनुसार, कुल्लू के निरमंड इलाके में बादल फटा है। इससे भारी नुकसान हुआ है। 20 से अधिक लोगों के लापता होने की खबर है।

# झारखंड में भाजपा के 18 विधायक निलंबित हेमंत सोरेन के खिलाफ कर रहे थे प्रदर्शन



**रांची 01 अगस्त।** झारखंड विधानसभा में हेमंत सोरेन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाकर प्रदर्शन कर रहे 18 विधायकों को निलंबित कर दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा के इन विधायकों को दो अगस्त दोपहर दो बजे तक के लिए निलंबित किया। स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो ने इन विधायकों को सदन के अनुरूप आचरण नहीं करने, सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाने और अवमानना के आरोपों में निलंबित किया है।

# स्वाति मालीवाल मारपीट केस: सीएम आवास में ऐसे गुंडे को जगह..., केजरीवाल के पीए बिभव को सुप्रीम कोर्ट की लताड़

**नईदिल्ली, 01 अगस्त [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने आज आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में सुनवाई की। अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार पर आरोप है कि उन्होंने उनके साथ बदसलूकी की। उच्चतम न्यायालय ने इस संबंध में दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है, जिसमें उन्हें जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई है।



सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि अपनी शारीरिक स्थिति के बारे में बताने के बाद भी बिभव कुमार ने उनके साथ मारपीट की।

कोर्ट ने आगे कहा कि महिला से गलत बर्ताव पर शर्म नहीं आई। अभिषेक मनु सिंघवी ने बिभव कुमार का पक्ष रखते हुए कहा कि करते एफआईआर तीन दिन बाद दर्ज कराई गई। मालीवाल थाने गई लेकिन बिना एफआईआर दर्ज कराए लौट गईं थीं। कोर्ट ने चार्जशीट के बारे में पूछा तो वरिष्ठ वकील सिंघवी ने कहा कि जिस आदेश को हमने चुनौती दी है उसके बाद चार्जशीट दाखिल की गई।

# गुरुग्राम में इफको चौक मेट्रो स्टेशन के पास बारिश के पानी में फैला करंट, चपेट में आने से 3 की मौत



**गुरूग्राम, 01 अगस्त [एजेंसी]।**

गुरुग्राम में भारी बारिश के दौरान बड़ा हादसा हुआ है। बारिश के पानी में करंट फैल गया। इसकी चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई है। तीन लोग निजी कंपनी में काम करते थे। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, कल भारी बारिश के दौरान इफको चौक मेट्रो स्टेशन के पास एक पेड़ के साथ बिजली का तार टूट कर नीचे सड़क पर गिर गया। इससे पानी में करंट फैल गया। तीन लोगों की करंट लगने से मौत हो गई। तीनों एक निजी कंपनी में काम करते थे और इफ्को चौक मेट्रो स्टेशन जा रहे थे।

पुलिस के अनुसार दिल्ली के संगम विहार निवासी वसीम, उत्तर प्रदेश के उन्नाव निवासी देवेंद्र वाजपेई और महेंद्रगढ़ निवासी जयपाल यादव मानेसर की निजी कंपनी में काम करते थे। देर रात 11 बजे सभी लोग इफको चौक मेट्रो स्टेशन जा रहे थे। मेट्रो स्टेशन के पास एक पेड़ के साथ बिजली का तार टूटकर नीचे सड़क पर गिर गया। ये तीनों तार की चपेट में आ गए। आसपास के लोग और पुलिसकर्मी तीनों को पास के ही निजी अस्पताल ले गए, यहां डॉक्टरों ने इन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों में एक ड्राइवर की नौकरी करता था, जो किसी अपार्टमेंट में गाड़ी खड़ी करके वापस अपने कमरे पर जा रहा था। दूसरा आईएमटी मानेसर स्थित मल्होत्रा ट्रांसपोर्ट कंपनी से वापस आ रहा था। पानी अधिक जमा होने के कारण शवों का काफी देर बाद पता चला।

## बस्तर में सुरक्षाबल हाई अलर्ट पर नक्सलियों ने जारी किया धमकी भरा वीडियो

*बस्तर । बस्तर में 28 जुलाई से नक्सलियों का शहीदी सप्ताह शुरू हो गया है, जो 3 अगस्त तक चलेगा। शहीदी सप्ताह के दौरान नक्सलियों ने अपने साथियों को याद कर एक वीडियो जारी किया है, जिसमें छत्तीसगढ़, तेलंगाना समेत अन्य राज्यों में मारे गए अलग-अलग डिवीजन के नक्सलियों की तस्वीरें हैं। साथ ही गाने के माध्यम से नक्सलियों ने कहा कि इनके लिए हम आंसू नहीं खून बहाएंगे। नक्सलियों की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी ने यह वीडियो जारी किया है। वीडियो करीब 9 मिनट का है। इस वीडियो में नक्सलियों ने अपने केंद्रीय नेतृत्व से लेकर जोन स्तर तक के मृत नक्सलियों का जिक्र किया है। साथ ही गाने के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि दी और बदला लेने की बात की है। इस वीडियो में नक्सलियों ने अपने सेंट्रल कमेटी मेंबर, DVCM, PPCM, ACM मेंबर की तस्वीरें भी जारी की है।*



# श्रीलंकाई नौसेना के जहाज से टकराने के बाद भारतीय मछुआरे की मौत, मामले में MEA ने जताया कड़ा विरोध

**चेन्नई।** श्रीलंकाई नौसेना के जहाज से टकराने के बाद भारतीय मछुआरों की एक नाव पलट गई। इस हादसे में एक मछुआरे की मौतत हो गई और एक अन्य लापता है। दरअसल, श्रीलंकाई नौसेना द्वारा भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार करने की कोशिश के दौरान उनकी नाव पलट गई। नाव पर चार मछुआरे मौजूद थे, जिनमें से एक की मौत हो गई, एक लापता है और बाकी के दो श्रीलंकाई नौसेना की हिरासत में हैं। हादसे के बाद दिल्ली में श्रीलंका के कार्यवाहक उच्चायुक्त को आज सुबह विदेश मंत्रालय बुलाया गया। इस घटना को लेकर कड़ा विरोध दर्ज किया गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा, हमने जान गंवाने वाले के लिए दुख और सदभावना व्यक्त की। कोलंबो में हमारे उच्चायुक्त भी इस मामले को श्रीलंकाई सरकार के सामने उठा रहे हैं। इस घटना पर विदेश मंत्रालय ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि यह घटना सुबह के पांच बजे कच्चातिवु द्वीप के पास घटी। दो मछुआरों को बचाकर कांकेसंतुरई तट पर लाया गया है। फिलहाल लापता मछुआरे की तलाश जारी है। जाफना में भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों को तुरंत कांकेसंतुरई पहुंचने, मछुआरों और उनके परिवारवालों को हर संभव मदद पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। भारत और श्रीलंका के संबंधों में मछुआरों का मुद्दा एक विवादास्पद मुद्दा है। इस तरह की ज्यादातर घटनाएं पाक जलडमरूमध्य में होती हैं। यह तमिलनाडु से उत्तरी श्रीलंका के बीच एक पट्टी है। यह मछलियों के लिए समृद्ध क्षेत्र माना जाता है। इस साल अबतक श्रीलंका ने 180 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। पिछले साल 240 से 245 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पिछले महीने श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के तट से दो पावरबोट समेत रामेश्वरम के नौ भारतीय मछुआरों को पकड़ लिया।

# दिल्ली बॉर्डर पर हादसा: गाजीपुर में मां-बेटे की नाले में डूबने से हुई मौत

**गाजियाबाद, 01 अगस्त [एजेंसी]।**




पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर में कल शाम साप्ताहिक बाजार में जाते समय 22 वर्षीय महिला और उनका तीन साल का बेटा बारिश से जलभराव के कारण अर्ध निर्मित नाले में डूब गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर खोड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से मां- बेटे की तलाश में जुट गई। पुलिस ने अग्निशमन के टीम को भी उपकरणों के साथ मौके पर बुलाकर तलाशी अभियान शुरू किया। देर रात तक नगर पालिका परिषद के कर्मचारी और पुलिस मां बेटे को तलाश करने में जुटी रही।

अंबेडकर कॉलोनी निवासी गोविंद नोएडा की निजी कंपनी में काम करते हैं। परिवार में उनकी 22 वर्षीय पत्नी तनुजा और 3 साल का बेटा प्रियांशु हैं। कल शाम करीब 7.30 बजे तनुजा बेटे प्रियांशु को लेकर गाजीपुर थाना क्षेत्र में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में जा रही थीं। इस दौरान बारिश से खस्ताहाल सड़क और अर्ध निर्मित नाले में पानी भर गया था। जल भराव की वजह से वह अर्ध निर्मित नाले को नहीं देख पाई जिससे उनके आगे आगे चल रहा प्रियांशु अचानक 15 फीट लंबे और 6 फुट चौड़े नाले में गिर गया। उसे बचाने के दौरान वह भी नाले में डूब गई। स्थानीय लोगों ने दोनों को बाहर निकालने के लिए काफी देर तक तलाश किया लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। कॉलोनी के लोगों ने रात 8.12 बजे करीब डायल 112 पर पुलिस को हादसे की सूचना दी।

# बीजेपी के बजट में बी का मतलब विश्वासघात है मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर फिर बोला हमला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बजट को लेकर मोदी सरकार पर एक बार फिर निशाना साधा है। खरगे ने कहा कि इस बजट में तथाकथित रोजगार संबंधी प्रोत्साहन योजनाएं लाई गई है, लेकिन वो सिर्फ दिखावा है और उससे किसी युवा का भला नहीं होने वाला। खरगे ने कहा कि केंद्रीय बजट में बी का मतलब विश्वासघात है। खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के बजट में उद्योग पर केवल इंटर्नशिप थोपी गई है, जिसका कोई दीर्घकालिक समाधान नहीं दिखता। **खरगे ने इसी के साथ मोदी सरकार से उनकी योजनाओं पर दो सवाल पूछे -**

मोदी सरकार इन योजनाओं का ब्यौरा कब देगी। खरगे ने कहा कि न तो युवा और न ही उद्योग, जिन्हें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अनुसार इंटर्नशिप, पहली बार नौकरी के लिए प्रेरित किया जाना है, उन्हें रोजगार से जुड़ी पांच प्रोत्साहन योजनाओं की रूपरेखा के बारे में कोई जानकारी है। उन्होंने पूछा कि क्या कांग्रेस के घोषणापत्र से इस आधे-अधूरे विचार को लागू करने से पहले कोई हितधारक परामर्श किया गया था। दूसरी ओर, मोदी सरकार के बजट में उद्योग पर केवल इंटर्नशिप थोपी गई है, जिसका कोई दीर्घकालिक समाधान नहीं है। खरगे ने पूछा कि रोजगार से जुड़ी इन प्रोत्साहन योजनाओं में सार्वजनिक कंपनियों को शामिल क्यों नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि क्या ऐसा इसलिए है क्योंकि भाजपा चाहती है कि सार्वजनिक क्षेत्र में आरक्षण के माध्यम से एससी, एसटी, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस युवाओं की भर्ती न हो। खरगे ने पूछा कि ये सभी योजनाएं अस्थायी रोजगार या इंटर्नशिप क्यों प्रदान कर रही हैं।


स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


# सेना ने दिखाई जांबाजी उफनती नदी पर बना रहे लोहे का ब्रिज

**केरल, 01 अगस्त [एजेंसी]।**

केरल के वायनाड में भारी बारिश के कारण मंगलवार तड़के बड़े पैमाने पर हुए भूस्खलन में सैकड़ों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। वहीं, कई घर नदियों के तेज बहाव में बह गए। हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। भारतीय सेना, एनडीआरएफ और पुलिस बल पूरी मुस्तैदी से प्रभावित इलाकों में राहत-बचाव कार्य में जुटे हैं। बारिश के बावजूद राहत-बचाव कार्य में जुटे सेना के जवानों के हौसले बुलंद हैं। उफनती नदियों को पार कर सेना के जवान भूस्खलन की वजह से फंसे लोगों तक पहुंच रहे हैं। कई जगहों पर नदियां पार करने के लिए जवानों ने अस्थायी पुल का निर्माण किया है। वहीं, मुंडक्कई में रस्सियों और सीढ़ियों का उपयोग करके सेना ने लोहे के पुल का निर्माण कर रही है। सेना के इंजीनियर्स 190 फुट (58 मीटर) के लोहे के पुल को बनाने में जुटे हैं। सेना ने जानकारी दी है कि जल्द ही इस निर्माणकार्य पूरा हो जाएगा। भारतीय सेना, बचाव अभियान के प्रभारी अधिकारी वी.टी. मैथ्यू ने बताया कि इस पुल के बनने से राहत-बचाव कार्य में काफी मदद मिलेगी। 24 टन भार क्षमता वाले इस पुल के गुरुवार शाम तक पूरा होने की उम्मीद है। सेना ने जानकारी दी है कि रस्सियों के सहारे बचावकर्मी मकान में दाखिल हो रहे हैं और फंसे लोगों को बाहर निकाल रहे हैं। विभिन्न गांवों में बचाव अभियान जारी रहने के बीच भूस्खलन के कारण पुल बहने के बाद अस्थायी पुल बनाकर लोगों को खासतौर से बुजुर्ग पुरुषों और महिलाओं को बचाते हुए देखा गया। कुछ जगहों पर लोग एक दूसरे को पूरी ताकत से पकड़े नजर आए ताकि बाढ़ के पानी के तेज बहाव में वे बह न सकें। सेना ने पीड़ितो को बचाने के लिए मानव पुल बनाए, जिसमें रस्सी के सहारे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जा रहा है।ध्वस्त हो चुके घरों और मलबे के ढेर के नीचे फंसे लोगों द्वारा मदद की गुहार लगाने के लिए किए जा रहे फोन भी प्राकृतिक आपदा की भयावह तस्वीर को बयां कर रहे हैं। रोते हुए लोगों द्वारा खुद की जान बचाने की गुहार लगाए जाने की वीडियो और तस्वीरें इंटरनेट मीडिया पर भी चलीं। आपदा प्रभावित लोग या तो अपने घरों में फंसे हुए थे या बाढ़ और बह गए पुलों के कारण उनके पास आने-जाने का कोई रास्ता नहीं था।



एक दिल दहला देने वाले दृश्य में मुंडक्कई गांव में कीचड़ में लथपथ एक व्यक्ति बाढ़ के पानी में एक विशाल चट्टान से चिपके हुए जीवित रहने के लिए संघर्ष कर रहा था जबकि असहाय स्थानीय लोग केवल उसकी पीड़ा देख सकते थे और उसकी मदद करने में असमर्थ थे। वे अधिकारियों से उसे तुरंत बचाने की गुहार लगा रहे थे। आशंका है कि यह व्यक्ति बाढ़ के पानी में बहते हुए आया और बड़े-बड़े पत्थरों के बीच फंस गया। गहरे दलदल और पानी के तेज बहाव के कारण वह बमुश्किल ही खड़ा हो पा रहा था। एक ग्रामीण द्वारा यह वीडियो बनाया गया।

# ब्लैक स्पॉट में दुर्घटना रोकने हेतु लगाए जाएंगे रेट्रोरिफ्लेक्टिव ट्रैफिक साइन, स्पीडगन, सीसीटीवी कैमरा सहित अन्य तकनीकी उपकरण




कोरबा । कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग के चिन्हाकित ब्लैक स्पॉट में सड़क दुर्घटना को रोकने हेतु ओवर स्पीडिंग को नियंत्रित करने के निर्देश दिए। इस हेतु आवश्यक सुरक्षा साधनों का उपयोग करने एवं प्रस्तावित कार्यो को शीघ्र प्रारम्भ कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी, एडिशनल एसपी श्रीमती नेहा वर्मा, जिला परिवहन अधिकारी श्री विवेक सिन्हा, सार्वजनिक उपक्रम एसईसीएल, बाल्को, पीडब्ल्यूडी, नेशनल हाईवे, एनएचएआई, एनएचपीडब्ल्यूडी, इरकॉन, परिवहन, यातायात सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।बैठक में कलेक्टर ने जिले में सड़क सुरक्षा से संबंधित किए गए प्रयास, सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण, दुर्घटना नियंत्रण के उपाय व सड़क सुरक्षा जागरूकता के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर द्वारा जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग में सड़क दुर्घटना को रोकने हेतु डीएमएफ मद से प्रस्तावित कार्यो की भी जानकारी ली। पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा चिन्हाकित सभी ब्लैक स्पॉट स्थानों में रेट्रोरिफ्लेक्टिव ट्रैफिक साइन, स्पीडगन, सीसीटीवी कैमरा, क्रैश बैरियर, हाई मास्ट लाइट, होर्डिंग्स लगाने जैसे अन्य कार्य किए जाएंगे। जिससे इन स्थानों पर रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था हो सके व रात में यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी नही हो एवं आपात स्थिति में तत्काल सहायता पहुँचायी जा सके। साथ ही छोटे मार्गो से मुख्य मार्गो को जोड़ने वाले जंक्शन पॉइंट पर रंबल स्ट्रीप भी लगाया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग में दुर्घटना जन्य क्षेत्रो से पहले गाड़ियों की स्पीड नियंत्रण हेतु होर्डिंग्स व साइन बोर्ड प्रदर्शित किया जाएगा साथ ही यथा स्थानों में स्पीडगन भी स्थापित किए जाएंगे। इससे ओवर स्पीड करने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही की जा सकेगी। आवश्यक स्थानों में पेड़ो पर रेडियम रिफ्लेक्टर, संकेतक, ब्लिंकर भी लगाया जाएगा।

कलेक्टर ने एनएच में डीएमएफ से लगने वाले स्पीडगन सीसीटीवी कैमरा जैसे तकनीकी उपकरणों को शासकीय संस्थानों के नजदीक स्थापित करने के लिए कहा। जिससे इनकी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। कलेक्टर ने सड़क दुर्घटना में होने वाले मृत्यु के कारणों की समीक्षा करते हुए बिना हेलमेट व बिना सीट बेल्ट लगाए यात्रा करने वालो , सिग्नल तोड़ने व ओवर स्पीडिंग करने वालों पर चालान करने के निर्देश दिए साथ ही शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले चालकों पर सख्त कार्यवाही करने व लाइसेंस निरस्त करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर द्वारा बाल्को द्वारा किये जाने वाले मरम्मत कार्यो में लापरवाही बरतने पर नाराजगी जाहिर करते हुए परसाभाठा से बजरंग चौक तक 10 दिवस के अंदर स्ट्रीट लाइट व कैमरा लगाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार सार्वजनिक उपक्रम एसईसीएल गेवरा/दीपका/कुसमुण्डा के अधिकारियों को भी अपने क्षेत्रों में बरसात के दौरान संभव मरम्मत कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया।

## संस्था, पाठ्यक्रम परिवर्तन हेतु एसटी, एससी व ओबीसी पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के संबंध में दिशा-निर्देश जारी

कोरबा । वर्ष 2023-24 के ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने संस्था परिवर्तन, पाठ्यक्रम परिवर्तन, संस्था एवं पाठ्यक्रम दोनों परिवर्तन तथा पाठ्यक्रम का वर्ष परिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किए थे उनके आवेदनों को शासन द्वारा अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है। साथ इन छात्रों को 05 दिवस के भीतर अपना छात्रवृत्ति आवेदन पूर्ण कर अध्ययनत् संस्था में जमा कराते हुए छात्रवृत्ति स्वीकृत कराने हेतु निर्देशित किया गया है। निर्धारित समयावधि में आवेदन नहीं करने पर संबंधित छात्र स्वयं उत्तरदायी होंगे।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (महाविद्यालयीन स्तर) का पंजीयन/स्वीकृति एवं भुगतान विभागीय पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। आवेदन करते समय छात्रवृत्ति पोर्टल में किसी प्रकार की दिक्कत होने पर विद्यार्थी अपने संस्था के छात्रवृत्ति प्रभारी अथवा कार्यालय, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा के छात्रवृत्ति शाखा प्रभारी से कार्यालयीन समयावधि में संपर्क कर सकते हैं।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के पद हेतु दावा-आपत्ति आमंत्रित

कोरबा । आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ता व सहायिका के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु विभाग द्वारा आवेदन आमंत्रित किए गए थे जिसकी मूल्यांकन समिति द्वारा 26 जुलाई को प्रावधिक मूल्यांकन पत्रक तैयार की गई है।परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रावधिक मूल्यांकन पत्रक कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा ग्रामीण के सूचना पटल में चस्पा किया गया है। उक्त के संबंध में इच्छुक अभ्यर्थी 01 अगस्त से 12 अगस्त 2024 तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा ग्रामीण में कार्यालयीन समय में सम्पूर्ण साक्ष्य सहित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

# डीएमएफ से प्रस्तावित चिर्रा-श्यांग मार्ग एवं उस पर बनने वाले पुल-पुलिया का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज विकासखण्ड कोरबा अंतर्गत दूरस्थ सीमावर्ती ग्राम श्यांग, चिर्रा, जिल्गा बरपाली का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी केंद्र तथा डीएमएफ से प्रस्तावित चिर्रा-श्यांग मार्ग एवं इस मार्ग पर बनने वाले पुल-पुलिया का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने ग्राम बरपाली (जिल्गा) के आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। यहां बच्चों को दी जाने वाली भोजन तथा खेल सामग्री के संबंध में जानकारी ली। आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की कम उपस्थिति देखकर कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को केंद्र में बच्चों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने ग्राम बरपाली (जिल्गा) में प्राइमरी, मिडिल स्कूल तथा हाईस्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूली विद्यार्थियों से क्लासरूम में जाकर चर्चा करते हुए उन्हें शिक्षा का महत्व बताया और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कलेक्टर ने हाईस्कूल बरपाली में विद्यार्थियों की कम उपस्थिति पर विद्यालय के प्राचार्य को संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। बरपाली में मिडिल स्कूल के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्कूल में निर्माणाधीन मरम्मत कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिर्रा का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यहां जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत नियुक्त किए गए 03 अतिथि व्याख्याता के संबंध में जानकारी ली। विद्यालय में साइकल स्टैण्ड तथा सांस्कृतिक मंच निर्माण की आवश्यकता होने की जानकारी सामने आने पर कलेक्टर ने डीएमएफ से साइकल स्टैंड और सांस्कृतिक मंच निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। कलेक्टर श्री वसंत ने चिर्रा-श्यांग मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने डीएमएफ से प्रस्तावित चिर्रा-श्यांग मार्ग की स्थिति और इस मार्ग पर बनने वाले पुल-पुलियों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने ग्राम श्यांग में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने श्यांग पीएचसी में बाउण्ड्रीवॉल निर्माण तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए आवास हेतु निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने श्यांग सहित आसपास के क्षेत्रों में मौसमी बीमारी, डायरिया तथा मलेरिया के रोकथाम के लिए किए जा रहे कार्य की जानकारी ली। कलेक्टर ने बीमारियों की रोकथाम तथा पीड़ितों का समय पर उपचार करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा भी उपस्थित थे।

### रानी धनराज कुंवर शहरी स्वास्थ्य केन्द्र में रात्रिकालीन सीजेरियन प्रसव की सुविधा उपलब्ध

कोरबा । कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में कोरबा जिले के रानी धनराज कुंवर देवी शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा में चिकित्सा सुविधाओं में निरंतर बढ़ोत्तरी की जा रही है। चिकित्सालय में विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति/तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। जिससे आमजनों को अपने शहर के शासकीय चिकित्सालय में बेहतर इलाज की सुविधा मिल सके।वर्तमान में रानी धनराजकुंवर शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा में 2 स्त्री रोग विशेषज्ञ पदस्थ है। केंद्र में प्रतिदिन रात्रिकालिन सिजेरियन प्रसव सुविधा तथा अन्य उपचार की सुविधा उपलब्ध है। सीएमएचओ डॉ. केशरी ने बताया है कि रानी धनराज कुंवर देवी शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रात्रिकालिन सिजेरियन प्रसव प्रारम्भ होने से गर्भवती महिलाओ को सिजेरियन प्रसव के लिए मेडिकल कॉलेज या निजी चिकित्सालयों पर निर्भर नहीं रहना पडेगा। जिले की सिजेरियन प्रसव की आवश्यकता वाली गर्भवती महिलाएं रानी धनराज कुंवर शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किसी भी समय अपना प्रसव करवा सकती है।

## जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 08 अगस्त को

कोरबा । कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 08 अगस्त को शाम 05 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में कोरबा जिले के वृहद जलाशयों एवं लघु जलाशयों में जल भराव की स्थिति, खरीफ सिंचाई उपलब्धि तथा रबी सिंचाई लक्ष्य का निर्धारण, खाद-बीज एवं कीटनाशक की उपलब्धता आदि अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

# मिडिल स्कूलों में दूर होगी शिक्षकों की समस्या, होगी 96 शिक्षकों की नियुक्ति



कोरबा । जिले में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने जिला प्रशासन द्वारा लगातार पहल की जा रही है। हाई और हायर सेकंडरी स्कूलों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति के साथ-साथ अब मिडिल स्कूलों में भी शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। जिला खनिज संस्थान न्यास(डीएमएफ) के माध्यम से कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने मिडिल स्कूलों के लिए 96 शिक्षकों की स्वीकृति प्रदान की है। इस स्वीकृति के साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा शीघ्रता से भर्ती प्रक्रिया पूरी करने आवश्यक तैयारी की जा रही है। जिला प्रशासन की इस पहल के साथ ही जिले के माध्यमिक विद्यालयों में जहाँ तीन से कम शिक्षक थे,अब इन विद्यालयों में न्यूनतम तीन शिक्षक होंगे। मिडिल स्कूलों में शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था से विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। इससे जिले की शिक्षा व्यवस्था भी सुधरेगी।

कोरबा जिले में लगभग 518 मिडिल स्कूल संचालित है। इनमें से अनेक स्कूलों में शिक्षकों की कमी होने से अध्यापन प्रभावित होने की शिकायत लंबे समय से आ रही थी। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश देकर कम शिक्षक वाले विद्यालयों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए थे। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सूची प्रस्तुत किए जाने के पश्चात कलेक्टर ने डीएमएफ से 96 शिक्षकों की नियुक्ति की स्वीकृति प्रदान की है। इन शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया शाला प्रबंधन समिति के माध्यम से की जाएगी। सर्वप्रथम ग्राम पंचायत स्तर पर योग्य शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी। योग्य अभ्यर्थी नहीं मिलने पर विकासखंड स्तर पर,फिर जिला स्तर पर अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। जिले में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने लगातार अभिनव प्रयास किए जा रहे हैं। शिक्षा सत्र के शुरुवात के साथ ही हाई और हायर सेकंडरी स्कूलों में विषय विशेषज्ञ 118 शिक्षकों की नियुक्ति भी जारी है। कुछ दिन पहले ही प्राचार्य,व्याख्याताओं की बैठक लेकर कलेक्टर द्वारा गुणवत्तामूलक शिक्षा प्रदान करने और शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की पहल भी की गई है। जिले के विद्यार्थियों को नीट-जेईई परीक्षा की तैयारी के लिए कोचिंग में भेजने, जिले के स्कूल-कॉलेजों से संबंधित छात्रावासों का जीर्णोद्धार और मेघावी छात्रों को स्कॉलरशिप सहित अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति तथा जर्जर स्कूलों का मरम्मत, नवीन स्कूल भवन बनाने,चतुर्थ श्रेणीं के पदों पर नियुक्ति की दिशा में भी जिला प्रशासन द्वारा लगातार पहल की जा रही है। इससे आने वाले समय में जिले की शिक्षा व्यवस्था और भी बेहतर होने की सम्भावना है।

# विद्यार्थियों में विषयों के प्रति रुचि बढ़ाए शिक्षक :सीईओ



कोरबा। बोर्ड परीक्षा में यदि 20 प्रतिशत से ज्यादा बच्चे अनुत्तीर्ण हो रहे हैं तो इसका मतलब शिक्षकों की अध्यापन शैली कमजोर है। शिक्षक अध्यापन शैली को मजबूत करते हुए विषयों के प्रति विद्यार्थियों में रुचि बढ़ाए। उक्त निर्देश संबित मिश्रा सीईओ जिला पंचायत ने कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में दिए।

मिश्रा ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने के लिए विद्यालयवार समीक्षा की और सम्बन्धित शिक्षकों से कार्ययोजना की जानकारी ली. उन्होंने कहा कि आज सोशल मीडिया के समय में कई टीचिंग टूल्स उपलब्ध हैं जिनका प्रयोग करके शिक्षक विद्यार्थियों का कान्सेप्ट क्लियर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि साइंस जैसे विषयों का विजुअल एक्ट करना बहुत आसान है जिससे छात्रों में जिज्ञासा बढ़ायी जा सकती है।सीईओ श्री मिश्रा ने कहा कि बोर्ड परीक्षा में फेल होने पर बच्चे स्कूल ही छोड़ देते हैं, ऐसा हमें नहीं होने देना है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में पढाई में कमजोर बच्चों का चिन्हांकन करके उन पर विशेष ध्यान दिया जाये। शिक्षक योजनाबद्ध तरीके से अध्यापन का कार्य करें। इसके साथ ही विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करें। इस वर्ष जिले के शत-प्रतिशत विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में पास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा स्कूलों में रिक्त शिक्षकों की भर्ती की जा रही है। इसके साथ ही सभी आवश्यक आधारभूत संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इसलिए जिले में बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आना चाहिए। सीईओ ने जिला प्रशासन द्वारा जिले के बच्चों को नीट/जेईई की तैयारी हेतु रायपुर में उच्च संस्था में निःशुल्क प्रवेश एवं शासकीय विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों में डॉक्टर, इंजीनियर की निशुल्क पढ़ाई कार्यक्रम की जानकारी दी। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री टी. पी. उपाध्याय सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, व्याख्याता उपस्थित थे।

## कमला नेहरु महाविद्यालय के 33 मेरिटोरियस होंगे सम्मानित

कोरबा। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर की मुख्य परीक्षा 2022-23 के नतीजे में उम्दा प्रदर्शन करने वाले कमला नेहरु महाविद्यालय के 33 छात्र-छात्राएं सम्मानित होंगे। विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में अपना दबदबा कायम रखते हुए कमला नेहरु महाविद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राएं एक बार फिर कोरबा को गौरवान्वित करने जा रहे हैं। इनमें एमलिब, बीलिब व एमए हिंदी में जहां तीन विद्यार्थियों ने टॉप रैंक हासिल कर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया, एमए एजुकेशन की टॉप-10 लिस्ट में टॉपर से दसवें रैंक तक सभी 10 मेरिटोरियस कमला नेहरु कॉलेज से ही दर्ज हुए थे। स्नातक-स्नातकोत्तर समेत विभिन्न विषय-संकाय में अपनी स्थापना काल के स्वर्णिम 50 वर्ष पार कर चुके जिले के इस पहले एवं ऐतिहासिक महाविद्यालय से इस वर्ष कुल 28 छात्र-छात्राओं ने मेरिटोरियस का खिताब अपने नाम किया, आगामी दिनों में आयोजित होने जा रहे दीक्षांत समारोह में उपाधि के साथ पदक से सम्मानित किए जाएंगे।

कमला नेहरु महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर में 10 अगस्त को होने जा रहे पंचम दीक्षांत समारोह के गौरवाशाली क्षण में हमारे होनहार विद्यार्थी भी साक्षी बनने जा रहे हैं, यहां कोरबा के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। उन्होंने दीक्षांत समारोह में आमंत्रित हुए विद्यार्थियों के लिए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# अस्थि सुशिरता रोग का मुख्य कारण कैल्शियम एवं विटामिन डी की कमी :डॉ.उदय शर्मा



कोरबा। आयुष मेडिकल एसोसिएशन का चिकित्सक सम्मेलन जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. उदय शर्मा के मुख्य आतिथ्य में होटल टॉप इन टाउन में आयुष मेडिकल एसोसिएशन कोरबा एवं झंडू फार्मा कोलकाता के संयुक्त तत्वाधान में अस्थिसुशिरता रोग पर संभाषा परिषद के रूप में मनाया गया। जिसका शुभारंभ सभी चिकित्सकों द्वारा आयुर्वेद प्रवर्तक धनवन्तरी तथा भारत माता के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर एवं उनके समक्ष दीप प्रज्वलन कर विधिवत पूजन अर्चन कर किया गया।

उसके पश्चात सभी चिकित्सकों ने अस्थि सुशिरता रोग के कारण, निदान एवं उपचार के विषय में परिचर्चा कर अपने-अपने विचार रखे। झंडू फार्मा के एएसओ मनीष कौशिक ने आयुष चिकित्सकों के साथ मिलकर अंचल में अस्थि सुशिरता (आस्टीयोपोरोसिस) रोग पर वृहद निशुल्क जांच, चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का आयोजन कर इस रोग के विषय मे जनजागरण करने की बात कही। जिसपे आयुष मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा ने पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. उदय शर्मा ने सम्मेलन में उपस्थित चिकित्सकों को संबोधित करते हुये कहा की अस्थि सुशिरता रोग अस्थिगत वात रोग है। जिसमे हमारी अस्थियों का घनत्व कम हो जाता है और हमारी अस्थियां कमजोर हो जाती है। जिसके कारण जरा सा भी आघात लगने पर वो टूट जाती है। उन्होंने अस्थि सुशिरता रोग का मुख्य कारण कैल्शियम एवं विटामिन डी की कमी को बताते हुये कहा की अस्थि सुशिरता रोग मे औषधियों से रोगोपचार के साथ-साथ अभ्यंग (तेल की मालिश) एवं आतप स्नान से भी अप्रत्याशित लाभ मिलता है। साथ ही उन्होंने आयुष मेडिकल एसोसिएशन के चिकित्सकों से कहा की सभी चिकित्सक रोगी का जिस तरह हित हो वैसा चिकित्सकीय कर्म पूरी निर्भयता से करें। मैं तन मन धन से आप लोगों के साथ हूँ और सदैव रहूँगा। इस चिकित्सक सम्मेलन में आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संरक्षक डॉ. जे.पी. चन्द्रा, डॉ. कमलेश दुबे, डॉ. अतुल धाबू, डॉ. सपना धाबू, अध्यक्ष डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा, कोषाध्यक्ष डॉ. संजय वैष्णव, उपाध्यक्ष डॉ. पी.एल. साहू, सहसचिव डॉ. आर.जी. साहू, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अश्विनी आर्य, डॉ. अमित मिश्रा, डॉ. गणेश प्रभुआ, डॉ. उपमा नायक, डॉ. संगीता शर्मा, डॉ. नीता साहू, डॉ. नंदिनी तिवारी, डॉ. ललित साहू, डॉ. प्रियदर्शिनी मिश्रा, डॉ. पवन मिश्रा, डॉ. प्रदीप कश्यप, डॉ. बंशीधर नायक, डॉ. राजेश गभेल, डॉ. सुधांशु शर्मा, डॉ. शिवानंद साहू, डॉ. लव कुमार साहू, झंडू फार्मा के एएसओ मनीष कौशिक तथा आयुष मेडिकल एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी, सदस्य तथा बड़ी संख्या में जिले के बी.ए.एम.एस. चिकित्सक विशेष रूप से उपस्थित थे।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजगरबहार में एक पेड़ मां के नामअंतर्गत किया गया पौधा रोपण

कोरबा । राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पूरे छत्तीसगढ़ में प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम प्रत्येक विद्यालय में आयोजित किये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजगरबहार में युवा व इको क्लब के संरक्षक प्राचार्य लखन लाल डहरिया के निर्देशन, नोडल शिक्षक मानसिंह राठिया व्याख्याता के मार्गदर्शन व अध्यक्ष कुमारी ज्योति यादव छात्रा के नेतृत्व में उपस्थित माताओं, क्लब के सदस्यों, शिक्षकों व वन विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति में विद्यालय प्रांगण में फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया। साथ ही क्लब के सदस्यों, माताओं व शिक्षकों को रोपे गये पौधों की देखरेख व सुरक्षा की जिम्मेदारी भी दी गई। उक्त कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य लखन लाल डहरिया, व्याख्याता मानसिंह राठिया, अमर सिंह प्रेमी, सुभाष चंद्र महतो, गिरधारी लाल यादव, के.बी. निमजा, नेहारानी राठौर, आभा सिंह, मंजुलता सिंह, शिक्षक नलिनीकांत साहू, शिवकुमार पटेल, संजय पाटले, क्लब के सदस्य कुमारी ज्योति, कुमारी छाया, कुमारी अंशु, कुमारी तुलसी, पवन कुमार, दिव्यांश, जगदीश, कुमारी धनेश्वरी, कुमारी परमेश्वरी, कुमारी स्वाति, विष्णु कुमार, कुमारी दुर्गेश्वरी, बुधराज व माताओं में सुकवारो यादव, सुनीता यादव, सरोज



तंवर, बृजबाई मंझवार, नीराबाई, भृत्य शनिराम, रांगुराम आदि के साथ उपस्थित गणमान्य नागरिकों का सहयोग सराहनीय रहा।

# सीएचसी में ज्यादा सुविधा चाहते है युवक कांग्रेसी

कोरबा। जिले के पोंडी उपरोड़ा ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विभिन्न समस्याओं का समाधान व सुविधाओं के अभाव को लेकर युवा कांग्रेस पाली तानाखारर विधानसभा अध्यक्ष अंकित पाल ने पोंडी उपरोड़ा के अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा है कि ग्राम पंचायत पोंडी उपरोड़ा का स्वास्थ्य केंद्र एक ऐसा केंद्र है जहां वनांचल क्षेत्र के ग्रामीण इलाज कराने पहुंचते हैं लेकिन केंद्र में लंबे समय से ग्रामीणों को शासन द्वारा मिलने वाले स्वास्थ्य लाभ से वंचित होना पड़ रहा है ।

अंकित पाल ने बताया कि पूर्व में स्वास्थ्य केंद्र में सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध थी, लेकिन अब वह नहीं है, कोरबा आईटीआई कालेज में प्रशिक्षण हेतु भेज दिया गया है। अस्पताल में प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में ग्रामीण अंचल के मरीज अपना इलाज कराने आते हैं किंतु सोनोग्राफी मशीन के अभाव में मरीजों को मजबूरन दूरस्थ प्राइवेट क्लीनिक में जाना पड़ता है, जहाँ शुल्क के अभाव में सही तरीके से मरीज इलाज भी नहीं करवा पाते। स्वास्थ्य केंद्र पोंडी उपरोड़ा में सोनोग्राफी मशीन दी जाए व ऑपरेटर नियुक्त किया जाए। उन्होंने बताया कि प्रेग्नेंसी केस प्रतिदिन आते हैं किंतु महिला सर्जन ना होने की वजह से उनको दूसरी जगह रेफर किया जाता है। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में महिला सर्जन की नियुक्ति की मांग की है तथा अनेक शिकायतें स्वास्थ्य केंद्र की मिलती रहती है जैसे कि डॉक्टर की उपस्थिति समय पर न होना, स्टाफ नर्स द्वारा मरीज से पैसे मांगना, मरीजों के साथ अभद्रता करना, मरीजों के लाने ले जाने के लिए एंबुलेंस की सुविधा न होना, इन सब समस्याओं से उप स्वास्थ्य केंद्र व आसपास के मरीजों को जूझना पड़ता है।

# सड़क पर निकाले गए सामानो पर नपा ने की कार्रवाई

### बाहर रखे फ्लैक्स, बोर्ड स्टैण्ड व सामान हुए जब्त

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर शहर की सड़कों पर व्यापारियों द्वारा निकाले गए सामानों को समेटने पुलिस व राजस्व विभाग के साथ नगर पालिका की संयुक्त टीम निकली। इस दौरान सड़क किनारे रखे दुकानों के फ्लैक्सी, बोर्ड स्टैण्ड व सामानों को जब्त किया गया है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर में मुख्य मार्ग पर कब्जा कर दुकान लगाने वाले एवं अवैध तरीके से फोल्डिंग लगाने वालों पर कार्यवाही को लेकर संयुक्त टीम मुस्तैद हो गई है। बुधवार 31 जुलाई को नगर पालिका राजस्व एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा जिला मुख्यालय जांजगीर के कचहरी चौक, नेताजी चौक, शारदा चौक जांजगीर, नैला र रोड सहित अन्य जगहों पर मुख्य मार्ग पर दुकान लगाकर रास्ता जाम न करने वालों पर कार्यवाही की गई है। वही उनके सामानों को भी जप्त किया गया है। बुधवार को नगर पालिका प्रशासन जिन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रहलाद पांडे, जांजगीर तहसीलदार राजकुमार मरावी एवं पुलिस विभाग से थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी एवं स्टाफ के साथ यातायात पुलिस की टीम संयुक्त रूप से कार्रवाई करने निकली थी। इस दौरान सडक के दोनों ओर व्यापारियों द्वारा निकाले गए सामानों की जब्ती बनाई गई। उक्त अधिकारियों द्वारा पक्षपात पूर्ण कार्रवाई भी की गई। जो व्यापारी अपने फ्लेक्सी को दुकान के अंदर कर लिए थे उन्हें भी जप्त कर लिया गया जबकि कई ऐसे स्टैंड अभी भी गड़े हैं जिनसे लोगों को जान का खतरा बना हुआ है। इसे नहीं हटाया गया।

सडक पर निकाले गए व्यापारियों के सामान और उनके बोर्ड फ्लेक्सी को हटाने की कार्रवाई के दौरान अफसरों की टीम पर पक्षपात के आरोप भी लगे। शहर के कचहरी चौक और नेताजी चौक के बीच हुई कार्रवाई पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए कुछ व्यापारियों ने कड़ी आपत्ति जाहिर की। उनका सीधे शब्दों में कहना था कि पूर्व में नाप जोख करके जो अवैध निर्माण तोड़े गए थे। उसे मापदंड का पालन होता है तो अधिकांश लोगों के छज्जा व सीढ़ी टूटेंगे। इसके अलावा सामने लगे अस्थायी बोर्ड व बाहर रखे सामानों को जब्त किया जा रहा है, जबकि स्थायी बोर्ड व अन्य निर्माण कार्यों के लिए कोई नाप जोख का मापदंड नहीं है।

वहीं बाहर लगे उनके दुकान के नाम वाले बोर्ड स्टैण्ड, फ्लेक्सी को भी जब्त किया गया। इस कार्रवाई के दौरान अफसरों की टीम के साथ पुलिस फोर्स व नगर पालिका का अमला ट्रैक्टर लेकर चलते रहा। जहां कही सड़क किनारे अतिक्रमण के दायरे में सामान बोर्ड रखे थे, उन्हें जब्त करके ट्रेक्टर में भरा जाता। शाम के समय हुई इस कार्रवाई को लेकर पूरे समय व्यापारियों के बीच नोक झोक होती रही परंतु अधिकारियों द्वारा चेहरा देखकर कार्रवाई किए जाने की बातें सामने आई है।

## सीएमएचओ को पदभार ग्रहण करते ही मिला नोटिस

**सक्ती।** प्रभार लेने के कुछ घंटे बाद ही कलेक्टर ने प्रभारी सीएमएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उनके एक आदेश को विधि सम्मत नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने यह कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार जिले के सीएमएचओके रूप में डा. ए पाणिग्रही ने पूर्व सीएमएचओ डॉ सूरज सिंह राठौर से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते ही डा. पाणिग्रही ने एक आदेश निकालते हुए डॉ सूरज सिंह राठौर को प्रभारी बीएमओ पद से हटाते हुए कोंडागाँव जाने के लिए कार्य मुक्त कर दिया । इस कार्रवाई को पूर्वाग्रह से प्रेरित पाए जाने पर कलेक्टर ने नव पदस्थ सीएमएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए पूछा कि पदभार ग्रहण करने से पूर्व बिना कलेक्टर के समक्ष उपस्थिति और बिना जानकारी के नियम विरुद्ध डॉ सूरज सिंह राठौर को कोंडागाँव के लिये कैसे कार्य मुक्त करने का आदेश जारी किया गया। नोटिस में यह भी कहा गया है कि सीएमएचओ का यह आदेश उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना एवं शासकीय कार्यों के प्रति उदासीनता को प्रदर्शित करता है जो की छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण 1965 के नियम 3 के विपरीत है। इस संबंध में तीन दिवस के भीतर उनसे जवाब मांगा गया है। वहीं कलेक्टर ने एक पृथक आदेश जारी करते हुए डा सूरज सिंह राठौर को चिकित्सा अधिकारी सक्ती पद के लिए आदेशित किया है।

## स्वच्छता के मामले में स्कूल प्रबंधन उदासीन

### जर्जर स्कूल से परेशान, अब स्कूल में नहीं है शौचालय व हेंड पम्प




**चांपा।** नगरपालिका क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक शाला तिलक नगर चांपा का सरकारी स्कूल शौचालय निर्माण नहीं होने से छोटे-छोटे बच्चे के साथ ही शिक्षक- शिक्षकों खुले या बाहर में जाने को रहते मजबूर शौचालय वहीं बात करे पीने का पानी की तो न ही यहा हेड पम्प लगा नहीं है मध्यान भोजन करने के पिने पानी का टंकी तक लगा ही नही ऐसे में व्यवस्था नहीं होने से स्वच्छता कैसे रहेगा बरसात का मौसम आए दिन सुनना पड़ता है स्वच्छता के साथ-साथ खुले में शौच से होने वाली बीमारियों और उसके दुष्परिणाम की जानकारी दी जाती है।ऐसे में स्वच्छता अभियान की बात बेमानी लगती है। जबकि स्वच्छता अभियान को लेकर सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और बयां करती है। ऐसे में अगर स्कूल आये बच्चों शौचालय जाने की आवश्यकता हुई तो उसे खुले में ही जाना पड़ेगा। जबकि इस विद्यालय में एक शिक्षक, तीन शिक्षका सहित कुल 41 बच्चे अध्ययनरत है, लेकिन इन सबों के लिये फिलहाल स्कूल में शौचालय के लिए कोई सुविधा नहीं है। एक तरफ सरकार स्वच्छ भारत का नारा देकर स्वस्थ भारत के सपने दिखा रही है, वहीं दूसरी तरफ अबतक विद्यालय में शौचालय की समुचित व्यवस्था नहीं की गई है।

शिक्षक के द्वारा आसपास घरों से लंबी पाइप लगाकर स्कूल में ड्रम में पानी लाया जाता है बच्चों को पानी की समस्या ना हो ऐसे कब तक चलेगा अब देखने वाली बात है

## पटवारी के खाते से लाखों रूपए हुए पार

**सक्ती।** जिले के ग्राम पोरथा निवासी पटवारी के छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के संयुक्त खाते से 22 लाख 67 हजार गायब हो गए । यहां अचरज की बात है कि खाताधारक किसी भी प्रकार के नेट बैंकिंग, यूपीआई या एटीएम का उपयोग नहीं करते। घटना की शिकायत थाने में की गई है।

जानकारी के अनुसार जिले के ग्राम दुरपा में पटवारी प्रतीक ए राठौर पिता स्व कमल किशोर राठौर का अपने ताऊ और दादी के साथ संयुक्त खाता ग्रामीण बैंक में था । अज्ञात आरोपित ने पिछले 5 दिनों के भीतर खाते से 22 लाख 67 हजार रुपए उड़ा दिया। खाताधारक को इसकी जानकारी तब हुई जब 1610 रुपए ही खाते में शेष बचे होने का मैसेज आया। बैंक जाकर इसकी जानकारी हासिल की तो उसके होश उड़ गए। प्रार्थी ने जल्द पतासाजी कर रकम वापस कराने की मांग की है। इस प्रकार की घटना ने बैंकिंग प्रणाली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जो व्यक्ति एटीएम और आनलाइन बैंकिंग तथा यूपीआई से दूर हैं उनके खाते से आखिर इतनी बड़ी रकम कैसे निकल गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपित के विरूद्ध बीएनएस की धारा 318 (4) के तहत अपराध दर्ज किया है और मामले की विवेचना कर रही है।

## मुक्ता में दंपत्ति की गला रेतकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**जांजगीर चांपा।** सक्ती जिले के मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम मुक्ता में पति-पत्नी के डबल मर्डर का मामला सामने आया है। देर रात किसी अज्ञात हमलावर ने धारदार हथियार से हमला कर दंपति के निर्मम हत्या कर दी है जिससे समूचे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतकों की पहचान मगन गबेल (60) और उनकी पत्नी बुधवार बाई (55) के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार मगन गबेल और उनकी पत्नी बुधवार बाई दोनों किराना दुकान और खेती-बाड़ी करके अपना जीवन यापन करते थे। रात हमेशा की तरह भोजन के बाद दोनों घर में सो रहे थे। इसी दरमियान देर रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से उनके सिर और गले पर वार कर उनकी हत्या कर दी।

बुधवार की सुबह पड़ोसियों ने दंपत्ति की लाशें संदिग्ध अवस्था में देखीं तो उनके होश उड़ गए। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गई और मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना पर मालखरौदा पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपित की तलाश शुरू करते हुए पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है और हर एंगल से



मामले की जांच में जुट गई है।

बिलासपुर से फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स और डॉग स्क्वायड की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। गांव में चर्चा का विषय है कि दंपत्ति का जमीन विवाद भी चल रहा था शायद इसकी वजह से उनकी हत्या कर दी गई हो।

थाना प्रभारी राजेश पटेल का कहना है कि सिर और गले पर कई गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है और जल्द ही इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने का प्रयास कर रही है। फिलहाल पुलिस घटनास्थल पर किसी भी शख्स को घर अंदर जाने की अनुमति नहीं दे रही है।

## मल्दा के दो खिलाड़ी शतरंज में दिखाएंगे मुंगेली में अपना जौहर

**जांजगीर।** एमएलबी हायर सेकेंडरी स्कूल मलदा के दो शतरंज खिलाड़ी छात्रों का संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। ज्ञात हो कि 24 जुलाई को जिला स्तरीय शतरंज क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन नेशनल कॉन्वेंट स्कूल डबरा में आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में चारों विकास खंड से 14 वर्ष बालक बालिका 17 वर्ष बालक बालिका एवं 19 वर्ष बालक बालिका के लगभग 100 प्रतिभागी अपने-अपने कोच मैनेजर सहित भांग लिए। नमन कश्यप ने 17 वर्ष बालक शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा शुभम कश्यप 19 वर्ष बालक शतरंज प्रतियोगिता में पांचवा स्थान प्राप्त किया। एमएलबी हायर सेकेंडरी स्कूल मलदा के दोनों छात्र मुंगेली में संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए जय जयपुर विकासखंड शक्ति जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 14 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से बुधवार 14 अगस्त को प्रात: 11 बजे 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बीएसीएस एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड भिलाई छत्तीसगढ़ द्वारा सबस्टेशन इंजीनियर 10 पद, सबस्टेशन आपरेटर 10 पद, साईड सुपरवाइजर 10 पद, एम.बी.ए. एच.आर.मार्केटिंग 05, पद, सेल्स ऑफिसर मार्केटिंग आफिस 05, पद सेल्स मैनेजर मार्केटिंग 05 पद वेल्डर 8 पद हेल्पर 20 पद इलेक्ट्रीशियन 10 पद, ग्रिडर 20 पद गैस कटर 20 पद रिगर 20 पद, इलेक्ट्रीशियन एवं फिटर 20 पद, टेक्नीशियन 20 पद, पर एवं आनंद ऑटो एजेंसी जॉजगीर द्वारा सेल्स मैनेजर के 1 पद एवं डीलर एग्जीक्यूटिव के 5 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। उक्त पद हेतु शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 10+12 वी स्नातक एवं सबस्टेशन इंजीनियर हेतु बी.टेक., बी.ई., डिप्लोमा इलेक्ट्रकल इंजीनियरिंग, व अन्य पद जैसे सबस्टेशन ऑपरेटर साइट सुपरवाइजर एम.बी.ए., एच.आर. मार्केटिंग सेल्स ऑफिसर, मार्केटिंग आफिस, सेल्स मैनेजर मार्केटिंग, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन आदि पदों पर भर्ती होगी।

## हाउसिंग बोर्ड कालोनी में नहीं हो रही सफाई

**जांजगीर-चांपा।** हसदेव विहार हाउसिंग बोर्ड कालोनी में फैली गंदगी और सफाई व्यवस्था की लचर स्थिति को लेकर महिलाओ के साथ रहवासी कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याएं बताई। इस दौरान 15 दिनों के भीतर पहल नहीं होने पर आंदोलन करने का निर्णय लिया है।

कलेक्टर कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन के दौरान निवासियों ने कहा कि अगर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे इस मामले में नगर पालिका और हाउसिंग बोर्ड के बीच का पेंच अभी भी अटका हुआ है। जिसके चलते 450 परिवार कालोनी वासियों को रोजाना गंदगी और असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कालोनी वासियों ने स्पष्ट किया है कि यदि अगले 15 दिनों में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे धरना प्रदर्शन के साथ अन्य कठोर कदम उठाने के लिए बाध्य होंगे। अब कालोनी वासी को संबंधित अधिकारियों द्वारा जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा ताकि कालोनी वासियों को राहत मिल सके वार्ड पार्षद उर्मिला निर्मलकर ने नगरपालिका को लगातार लेटर के बाद भी कालोनी वासी का समस्या का समाधान नहीं निकल सका जिसके वजह से कालोनी वासी बहुत समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

## अश्लील मैसेज एवम वीडियो कॉलिंग करने वाला गिरफ्तार

**चांपा।** महिला पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुए, लगातार फरार चल रहे आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा दिया गया।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि पीडिता के मोबाइल वॉट्स अप में अश्लील मैसेज, वीडियो कॉलिंग कर मोबाईल पर सेंड करने की रिपोर्ट पर से आरोपी के विरुद्ध थाना चांपा में अपराध क्रमांक 606/2023 धारा 509 (ख) भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान मोबाइल धारक आरोपी का सायबर सेल जाजंगीर से जानकारी प्राप्त कर आरोपी राम खिलावन निवासी निवासी तुमान थाना उरगा जिला कोरबा को हिरासत मे लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा घटना घटित कर जुर्म स्वीकार किया एंव घटना मे प्रयुक्त मोबाईल को बरामद किया जाकर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 28.07.24 को न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।

उपरोक्त कार्यवाही मे निरी. Dr. नरेश कुमार पटेल थाना प्रभारी चांपा ASI B. S. लकड़ा प्रधान आर वीरेंद्र कुमार टंडन, महिला प्रधान आर सरस्वती जांगडे, आर खेमचरण, भूपेंद्र गोस्वामी का सराहनीय योगदान रहा।

## छात्राओं को किया गया साइकिल का वितरण



**अकलतरा।** अकलतरा ग्राम कापन में शासकीय साहेब लाल गौतम मंगतू उच्चतर माध्यमिक शाला में कक्षा नौवीं के 40 छात्राओं को गांव के सरपंच शंकर लाल गौतम ने साइकिल का वितरण किया। शंकर लाल गौतम ने कहा कि साइकिल मिलने से वे आसानी से आवागमन करने के साथ-साथ अध्यापन कार्य में भी सुविधा मिलेगी। छात्राओं के लिए अन्य योजनाओं का संचालन भी किया जा रहा है। कार्यक्रम को शाला के प्राचार्य रामरतन कोशले ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में व्याख्याता सतीश कुमार स्वर्णकार, विजय कुमार कश्यप, राजकुमार कौशिक, मनमोहन लाल टंडन, गोपाल प्रसाद मार्बल, सौरभ सागर, टीकाराम साहू, अंजू लता राठौर, रेनू मिश्रा, बेबी फरीद खान, शारदा कश्यप, हेमलता दिव्य, नेमा थवाईत व स्कूल के समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

*बिलासपुर। जिले में पिछले चौबीस घंटों में 74.5 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं जिले में 1 जून से आज तक जिले में 6723.3 मिमी बारिश हो चुकी है। पिछले 10 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। 10 साल की तुलना में 620 मिली मीटर अधिक बारिश हुई है।

## छत्तीसगढ़ में लिफ्ट में फंसकर नाबालिग की मौत,10 फीट तक रगड़ाया

**बिलासपुर।** इलेक्ट्रिकल दुकान में काम करने वाले नाबालिग की लिफ्ट में फंसकर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सामान ले जाने वाली कमर्शियल लिफ्ट में लड़का सामान लेकर जा रहा था। इस दौरान लड़के का सिर चौथे फ्लोर पर लिफ्ट में फंस गया।

पूरा मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक विशाल इलेक्ट्रिकल्स के मालिक का नाम भरत हरियानी है। पुलिस हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची। जहां से शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। जिस समय यह हादसा हुआ, तब सुमित उर्फ काजू दुकान के गोदाम से 40 फीट ऊपर चौथे माले पर इलेक्ट्रॉनिक सामान लेकर जा रहा था। तीसरी मंजिल पर पहुंचते ही ओपन लिफ्ट की दीवार में सुमित का सिर फंस गया। इसके बाद लिफ्ट और दीवार से 10 फीट तक सिर घसीटते हुए चौथी मंजिल तक पहुंच गया। इस दौरान लिफ्ट के नीचे जब खून टपकने लगा, तब दुकान संचालक को हादसे की जानकारी हुई।

इस हादसे के बाद 15 साल के लड़के को दुकान में काम कराने को लेकर सवाल उठने लगा है। श्रम कानून के अनुसार किसी भी नाबालिग को निजी संस्थान में काम नहीं कराया जा सकता, लेकिन 15 साल का लड़का इलेक्ट्रॉनिक दुकान में काम कर रहा था। दुकान संचालक भरत हरियानी से सफाई देते हुए कहा कि सुमित उनकी दुकान में काम नहीं करता था। उसकी मां पिछले 15 साल से उनके घर में काम करती है। इस दौरान चार घंटे के लिए वो अपने लड़के को छोड़कर जाती थी। सुमित रोज काम करने भी नहीं आता था। तीन दिन बाद आज आया था, तभी ये हादसा हो गया। टीआई एसआर साहू ने बताया कि दुकान संचालक को नोटिस जारी कर कई दस्तावेज और सवाल पूछे गए हैं। 4 मंजिला दुकान बनाने के लिए नगर निगम से परमिशन ली गई या नहीं लिफ्ट लगाने के लिए जो नियम हैं, और दस्तावेज हैं, वह उपलब्ध हैं कि नहीं इसके लिए नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही बिजली विभाग के अधिकारियों को लेटर लिखा जा रहा है कि दुकान में जो लिफ्ट लगी थी, उसमें हादसा कैसे हुआ, सुरक्षा मानक जांच करने लेटर लिखा है और रिपोर्ट मांगी गई है।


### शपथ पत्र

मैं चंदन उरांव, उम्र 18 वर्ष पिता अश्वनी कुमार उरांव जाति उरांव (S.T.) निवासी नया रिसदा भदरापारा बालकोनगर तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) का हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि मेरे नाम पर भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा क्र.1 कोरबा (छ.ग.) से पालिसी प्राप्त कर संचालित है। उक्त पालिसी में मेरा नाम चन्द्रमोहन उरांव दर्ज है तथा मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं जन्म प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड क्र. 4702 2352 6842 में मेरा नाक चंदन उराव दर्ज है जो कि सत्य व सही है। उक्त नाम चन्द्रमोहन उरांव एवं चंदन उरांव से संबंधित व्यक्ति मैं स्वयं ही हूं, कोई अन्य दूसरा व्यक्ति नहीं है। उक्त शपथ पत्र चंदन उरांव को मान्य/स्वीकार कर उक त पालिसी में दर्ज कराने उक्ताशय की पुष्टि इसे सत्यापित किया हूं।

**चंदन उरांव**
**नया रिसदा, भदरापापारा बालकोनगर**


## छत्तीसगढ़ के बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों को SC से झटका

### रिव्यू पिटीशन में हाईकोर्ट के फैसले को सही ठहराया; नियुक्ति रद्द की गई थी

**बिलासपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ बीएड डिग्रीधारकों की रिव्यू पीटिशन को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने हाईकोर्ट के उस फैसले को सही ठहराया है, जिसमें बीएड शिक्षकों की नियुक्तियों को निरस्त किया गया है।

इस मामले में शासन की अपील पर 28 अगस्त को सुनवाई होगी। लिहाजा, शासन को हाईकोर्ट के फैसले के मुताबिक नियुक्ति करनी होगी। हालांकि, शासन ने अब तक हाईकोर्ट के आदेश पर अमल नहीं किया है।

**देवेश शर्मा ने दायर की थी रिव्यू पीटिशन**

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त 2023 को शिक्षकों की भर्ती को लेकर दायर याचिका पर बीएड डिग्रीधारकों को प्राइमरी स्कूलों में भर्ती के लिए अयोग्य माना था। साथ ही डीएलएड डिप्लोमाधारियों को ही प्राइमरी स्कूल शिक्षक के रूप में नियुक्ति देने का आदेश दिया था।

सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश के खिलाफ बीएड डिग्रीधारी देवेश शर्मा ने रिव्यू पिटीशन दायर की थी, जिस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने रिव्यू याचिका को खारिज कर दिया है।

**अयोग्य शिक्षकों की कर दी नियुक्ति**

छत्तीसगढ़ में भी शिक्षक भर्ती 2023 में यह विवाद चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले मे यह साफ कहा है कि 11 अगस्त के फैसले के बाद बीएड डिग्रीधारकों को अपॉइंटमेंट नहीं दिया जा सकता, जबकि छत्तीसगढ़ देश में केवल इकलौता राज्य है, जहां बीएड डिग्रीधारकों को सहायक शिक्षक के पद पर की गई नियुक्ति 11 अगस्त के बाद दी गई है।

**बीएड वाले अवैध रूप से नौकरी कर रहे**

विभाग ने सहायक अध्यापक पद के लिए 20 सितंबर 2023 के बाद प्रथम नियुक्ति पत्र दिया है। डिप्लोमा धारकों का कहना है कि सहायक अध्यापक पद पर सिर्फ डिप्लोमा धारकों का ही अधिकार है। इसमें बीएड डिग्रीधारक अवैध रूप से नौकरी कर रहे हैं।

**डीएलएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने दाखिल की थी याचिका**

इस पर D. El. Ed प्रशिक्षित अभ्यर्थी विकास सिंह, युवराज सिंह सहित अन्य ने हाईकोर्ट में अलग-अलग याचिकाएं दायर की। इसमें बताया था कि 4 मई 2023 को सहायक शिक्षकों के करीब 6500 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। 10 जून को परीक्षा हुई थी।

B.Ed और डीएलएड प्रशिक्षित दोनों अभ्यर्थी शामिल हुए थे। याचिका में बताया गया है कि प्राइमरी स्कूल में पढ़ाने के लिए डीएलएड सिलेबस में विशेष ट्रेनिंग दी जाती है, जबकि क्क्षस्त्र पाठ्यक्रम में उच्चतर कक्षाओं में पढ़ाने की ट्रेनिंग दी जाती है। स्कूल शिक्षा विभाग ने नियमों में संशोधन कर दिया।

हाईकोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के बाद डीएलएड डिग्रीधारियों के पक्ष में फैसला दिया है, जिसे अब राज्य शासन ने चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में अपील की है।


## कार्यालय नगर पंचायत सारागांव, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**स्वच्छ भारत मिशन -शहरी 2.0**

क्र./669/न.पं./2024 — सारागांव, दिनांक 31.07.2024

### //आवश्यकता//

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जारी दिशा निर्देशों के अनुक्रम में राज्य के समस्त नगरीय निकायों में बीटेक/बीई स्नातक आवेदकों से Swachh TULIP कार्यक्रम अंतर्गत TULIP INTERN TRAINEE हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-

| ईंटर्नशिप की अवधि | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | एकमुश्त देय राशि | आवश्यक INTERN TRAINEE की संख्या | संपर्क (मो.नं.) |
|---|---|---|---|---|
| 12 सप्ताह | 05.08.2024 | 4500 | 2 | 7566859342 |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन आवेदन https://internship.aicte-india.org/ में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी/पात्रता इत्यादि हेतु उपरोक्त मोबाईल नंबर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किये जावेंगे।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत सारागांव, जिला-जांजगीर-चाम्पा(छ.ग.)**


## डेंगू से बचाव के लिए आयुक्त नहीं कर रहे व्यवस्था: महापौर

**रायगढ़।** महापौर ने नगर में बढ़ रहे डेंगू बीमारी का नियंत्रण नहीं कर पाने के लिए आयुक्त को दोषी ठहराया है। उन्होंने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री को भेजी गई चिट्ठी में लिखा है कि नगर निगम द्वारा वार्डों में दवा का छिड़काव, फॉगिंग का अभाव है। नगर निगम के एमआईसी सदस्यों ने कई बार आयुक्त को डेंगू के रोकथाम के लिए उचित व्यवस्था करने के लिए अवगत कराया बावजूद इसके लिए कोई उचित पहल नहीं की गई है। प्रदेश में सरकार बदलने के बाद नगर निगम के महापौर जानकी काटजू व निगम के आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी के बीच अनबन है। इसका ताजा उदाहरण डेंगू को लेकर सामने आया है। महापौर काटजू ने अपनी ही नगर सरकार द्वारा नगर में डेंगू के रोकथाम के प्रभावी कदम नहीं उठाने की बात कहते हुए निगम के आयुक्त पर पूरा दोष मढ़ दिया है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने लिखा है रायगढ़ हमेशा से ही डेंगू प्रभावित रहा है। शहर में इस गंभीर बीमारी के लिए प्रचार-प्रसार व जागरूकता की कमी है। जिसके कारण नगर निगम की लचर व्यवस्था उजागर होती है। डेंगू महामारी को फैलने से रोकने के लिए ठोस कदम उठाना जरूरी है। ऐसे में जलजमाव की जगह जला मोबिल सहित दवा का छिड़काव के साथ लोगों को जागरूक करना जरूरी हो गया है।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल में पार्किंग के लिए शेड नहीं

**धौंराभांठ।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल हमीरपुर का उन्नयन किया गया। सीएसआर फंड से रिनोवेशन भी हुआ, लेकिन बाइक व साइकिल स्टैंड के लिए शेड नहीं बनाया गया। इसके कारण विद्यार्थी और शिक्षकों को खुले में अपनी बाइक व साइकिल रखनी पड़ती है।

तमनार ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत हमीरपुर में हाई स्कूल की स्थापना 1997 में की गई थी। नया भवन 2017 में 97 लाख रुपए की लागत से बनाया गया। उसका रिनोवेशन सीएसआर मद से 39.41 लाख रुपए में हुआ है। सन 2022-23 में उक्त स्कूल को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय के रूप में बदल दिया गया है।

## अमित नेवर का निधन



मारवाड़ी समाज के प्रतिष्ठित चांपा के डिडवानिया काम्प्लेक्स में पंकज नमकीन एवं परफेक्ट कोरियर के सफल संचालक सामाजिक, धार्मिक कार्यकर्ता अमित नेवर उम्र 47 का धार्मिक यात्रा करते कराते हुए बनारस (काशी) मे असामायिक हृदयाघात से 30 जुलाई 2024 मंगलवार को स्वर्गवास हो गया। 31 जुलाई 2024 बुधवार को बनारस के गंगा तट पर परिवार जनों की उपस्थिति में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## अनमोल वचन......

**मेहनत का फल और समस्या का हल देर से ही सही लेकिन मिलता जरूर है!**

# मोदी की रूस यात्रा अमेरिका निराश

भारत और अमेरिका के संबंध क्या पटरी से उतर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 8-9 जुलाई की रूस यात्रा के संबंध में अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा के संदेश और समय ने अमेरिका को भारत की ओर से निराश किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन रूसी राष्ट्रपति पुतिन को युद्ध अपराधी घोषित कर चुके हैं। जाहिरा तौर पर ऐसे हालात में प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा पर अमेरिका से इसी तरह की प्रतिक्रिया अपेक्षित थी। डोनाल्ड लू से पहले नई दिल्ली में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा था कि अमेरिका और भारत के रिश्ते हाल के वर्षो में व्यापक बने हैं, लेकिन इनकी बुनियाद ज्यादा पुख्ता नहीं है।

उन्होंने भारत की स्वतंत्र विदेश नीति और रणनीतिक स्वायत्तता पर भी सवाल खड़े किए थे। पश्चिमी देशों की मीडिया ने भी मोदी की रूस यात्रा की आलोचना करते हुए यहां तक कह दिया कि भारत पर भरोसा नहीं किया जा सकता। यह इत्तेफाक था कि जिस समय मोदी की रूस यात्रा हुई थी, उसी दौरान वाशिंगटन में सैन्य संगठन नाटो की शिखर वार्ता आयोजित थी जिसमें रूस विरोधी रणनीति का प्रारूप तैयार किया गया था। भारत के विदेश मंत्रालय ने डोनाल्ड लू की प्रतिक्रिया पर सधी हुई प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि भारत और रूस के संबंधों पर चर्चा करते हुए व्यावहारिक वास्तविकता को ध्यान में रखना चाहिए। दोनों देशों के संबंध आपसी हितों पर आधारित हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अमेरिका सहित पश्चिमी देश भारत और विशेषकर मोदी के प्रति बेरुखी का रवैया अपनाने लगे हैं। आगे चलकर यह रुख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष विरोध में बदल सकता है। ऐसे में रूस के साथ संबंधों को और मजबूत बनाया जाना आवश्यक है। प्रधानमंत्री मोदी शायद इसी सोच को आगे बढ़ा रहे हैं। लोगों को याद होगा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1970 के दशक में ऐसी ही रणनीति अपनाई थी। भारत ने तत्कालीन सोवियत संघ के साथ मैत्री संधि की थी जिसके कारण बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के समय भारत अमेरिका की चुनौती का सामना कर सका। भारत एक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। ऐसे में अमेरिका और पश्चिमी देश नई दिल्ली को चाह कर भी अस्थिर नहीं कर सकते। लेकिन भारत को अपनी ओर से सतर्क रहने की जरूरत है क्योंकि भारत और रूस के बीच बढ़ता सैन्य सहयोग अमेरिका की आंखों में किरकिरी पैदा करता रहेगा। अमेरिका का भारत के प्रति क्या रुख रहेगा यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा।

## राशिफल

**मेष राशि**-आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। आज व्यवसाय संबंधी नई जानकारियां हासिल करना जरूरी है। मीडिया और ऑनलाइन कामों से जुड़े बिजनेस में फायदा होगा। आपके द्वारा की गई मेहनत के परिणाम भी बेहतर मिलेंगे। इस राशि के सरकारी सेवारत लोगों को कोई खास कार्यभार संभालना पड़ेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है। कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष राशि**-आज आपका दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज रियल स्टेट से जुड़े लोगों की फायदेमंद डील हो सकती हैं। आज कार्यस्थल पर पेपर वर्क करते समय सावधानी रखने की जरूरत होगी। आज जीवनसाथी और परिवारजनों के सहयोग से घर में सुखद व्यवस्था रहेगी और आपको भी सहायता मिलेगी।

**मिथुन राशि**-आपके लिए अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। आज आपको गतिविधियों को गोपनीय रखना होगा साथ ही आसपास की गतिविधियों को नजर अंदाज ना करें। आज दूसरों से मदद की उम्मीद ना रख कर अपनी कार्य क्षमता पर विश्वास रखें। ध्यान रखें कि आपकी जिद्द से आपका काम खराब हो सकता है। परिवार जनों के साथ मनोरंजन में अच्छा समय बीतेगा। आज आप किसी खेलकूद में हिस्सा ले सकते हैं।

**कर्क राशि**-आज आपका दिन पाज़िटिव रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ आपकी अच्छी तालमेल बनी रहेगी। सॉफ्टवेयर इंजीनियर अपने क्षेत्र में अच्छी मेहनत करेंगे। आज दिन की शुरुआत में कोई उलझन रह सकती है, लेकिन परिवार की मदद मिलने से सब अच्छा हो जायेगा। आज नई योजना पर काम करने से अच्छे नतीजे मिल सकते हैं। आज आप चुनौतियों को स्वीकार करेंगे और क्रिएटिव रहेंगे। इस राशि के विद्यार्थियो की मेहनत रंग लाएगी।

**सिंह राशि**-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आज आपकी अच्छी सोच का अच्छा नतीजा मिलेगा। आपके रहने और बोलने का तरीका लोगों को आकर्षित करेगा। आज आपको अपनी पढ़ाई और करियर के प्रति ज्यादा मेहनत की जरूरत है। आज कोई भी खास वस्तु की खरीदारी करते समय उससे संबंधित जानकारी अवश्य ले।

**कन्या राशि**-आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आज आप पर अधिक जिम्मेदारियां रहेंगी जिन्हें आप काफी हद तक पूरा भी कर लेंगे। नए लोगों से जुड़ने से आपको कई बेहतरीन जानकारियां भी मिलेंगी। आज आध्यात्मिक गतिविधियों में कुछ समय बिताने से आप अपने अंदर शांति महसूस करेंगे। आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। आज आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जायेगा अधिकारियों से खास मामलों पर बातचीत होगी। सोचे हुए सभी काम समय पर पूरे होंगे।

**तुला राशि**-आज आपका दिन मिला जुला रहने वाला है। आज कारोबारी गतिविधियों को व्यवस्थित करने में अभी और कोशिश करनी होंगी। अपने काम की [ ालिटी को और अधिक बेहतर बनाएंगे। इस राशि के लोगों को अपनी जिम्मेदारियों को समझकर तय समय पर कार्यों को पूरा करने की जरूरत है। लवमेट आज घूमने जाने का प्लान बनायेंगे। प्रतियोगी परीक्षा में प्रयासरत छात्रों को बड़ी सफलता के योग बन रहे हैं।

आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। आज आप काम की [ ालिटी और बेहतर बनाने में ध्यान देंगे। मार्केटिंग संबंधी गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहगी।

**धनु राशि**-आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखन बौद्धिक आदि कार्यों से आपका मान-सम्मान बढेगा। आज किसी पर भी भरोसा करने से पहले सोच विचार अवश्य कर लें। आज व्यक्तिगत कार्यों के साथ-साथ घरेलू जिम्मेदारियां भी बढ़ेगी। आज कुछ विरोधी लोग आपको भावनात्मक रूप से कमजोर करने के लिए अफवाहें फैला सकते हैं।

**मकर राशि**-आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आज कारोबारी गतिविधियों में व्यवस्था बनाकर रखना जरूरी है। अधिकारियों और सम्मानित लोगों से संपर्क रखना आपके बिजनेस के लिए फायदेमंद रहेगा।

**कुंभ राशि**-आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। आज कार्यस्थल पर चल रही किसी भी गतिविधि को नजरअंदाज ना करें। अपनी योजनाओं को गुप्त ही रखें। आज कार्यस्थल पर शांति भरा माहौल रहेगा। आज कुछ समय परिवार के साथ बिताने पर कुछ बाते पता चल सकती हैं।

**मीन राशि**-आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरूरत है। कुछ समय से चल रही आपकी लगन और मेहनत का आज ज्यादा लाभ मिलने वाला है।

# तीन छात्रों की अकल्पनीय मृत्यु दुखद

//अवधेश कुमार//

**दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर में तीन छात्रों की अकल्पनीय दुखद मृत्यु हर चिंतनशील व्यक्ति को अंदर से हिलाने वाली है। निश्चित रूप से कोचिंग करने आए उन तीन दुर्भाग्यशाली छात्रों का कोई दोष नहीं है। राव आईएएस स्टडी सर्किल सिविल सेवा के कोचिंग की दृष्टि से सम्मानित नाम है। हालांकि पिछले ढाई दशकों में कई और ऐसे कोचिंग संस्थान खड़े हो गए हैं जिनका सम्मान और साख अभ्यर्थियों की दृष्टि में राव'स के लगभग बराबर ही है। कल्पना करिए, अगर इतनी पुरानी और सम्मानित संस्था की आधारभूत संरचना ऐसी है तो अन्य संस्थाओं की कैसी स्थिति होगी। इस घटना के बारे में जानकारी इतनी ही है कि ओल्ड राजेंद्र नगर में बारिश का पानी सड़कों पर भर गया जो दुकानों-मकानों में घुसने लगा और बड़ी गाड़ियों के यूटर्न लेने से कुछ मिनट के लिए पानी इतनी तेजी से आया कि स्टडी सर्किल के बेसमेंट में लगे शीशे के दरवाजे टूट गए और मिनट भर में अंदर पानी भर गया।**

कुछ सौभाग्यशाली छात्र बच के निकल गए। तीन नहीं निकल सके। इसे सामान्य दृष्टि से भी विश्लेषित करें तो नालियों, सड़कों पर जल जमाव के बीच यातायात की व्यवस्था, व्यावसायिक स्थलों के बचाव तथा भवन निर्माण में ऐसी, सुरक्षित दरवाजे आदि के पहलू सामने आएंगे। इसके लिए कितने विभाग और लोग अपराधी दिखाई देते हैं, बताने की आवश्यकता नहीं। कह सकते हैं कि जब बारिश काफी तेज हो तो एकाएक पानी का निकास संभव नहीं होता। तो क्या इस आधार पर ऐसी भयावह घटना को स्वाभाविक माना जा सकता है। दिल्ली के उपराज्यपाल का बयान है कि दोषी बख्से नहीं जाएंगे। यह सामान्य सा बयान है। कौन-कौन दोषी हैं, इसकी पहचान अपने आपमें बड़ा प्रश्न होता है। घटना बिल्कुल ताजी है, देश भर का ध्यान है, लोगों में आक्रोश है तो ऐसे समय कार्रवाई होती है। इसके बाद न्यायालय की लड़ाई, साथ ही साथ पूरी स्थिति की समीक्षा और फिर भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति नहीं हो, इसके सुरक्षोपाय हमारे समाज और सत्ता प्रतिष्ठान के चरित्र में बहुत कम परिमाण में दिखते हैं। कोचिंग सेंटर को सील कर दिया गया है। क्या सड़क के उस स्थान को भी सील किया जा सकता है जहां से पानी का तेज झोंका अंदर आया। क्या उन गाड़ियों की पहचान कर दंडित किया जा सकता है जिन्होंने ड्राइविंग मानकों का उल्लंघन कर गलत तरीके से यूटर्न लिया और घटना घटा दी। क्या उस व्यावसायिक क्षेत्र के निर्माण की अनुमति और पूर्णता का सर्टिफिकेट देने वाले सारे लोगों की पहचान संभव है। इसी तरह युवाओं के कॅरियर बनाने के नाम पर चारों तरफ दिख रहे कोचिंग सेंटरों में से कम से कम बड़े नामों की भी क्या एक बार संपूर्ण जांच संभव है। इन प्रश्नों के उत्तर हम आप अच्छी तरह जानते हैं। किसी समस्या को उसकी संपूर्णता में देखने और दुरगामी सोच से स्थायी समाधान की दिशा में बढ़ने की आवश्यकता होती है। हमने अपनी पूरी शैक्षणिक-सामाजिक-आर्थिक व्यवस्था को इस स्थिति में पहुंचा दिया है जहां से लगता ही नहीं कि इसकी संभावना बची है। नगरों में निर्माण और उसके संचालन का मुद्दा यहां शीर्ष पर दिखता है। इसके परे देखें तो क्या शिक्षा के लिए इस तरह के कोचिंग सेंटरों की वाकई आवश्यकता है। दिल्ली ही नहीं पूरे देश में शायद ही कोई ऐसा शहर और कस्बा होगा जहां परीक्षाओं की तैयारी के नाम पर छोटे-बड़े कोचिंग सेंटर न हों। आम प्रतिक्रिया यही होती है कि सरकारी विद्यालयों, महाविद्यालयों में अध्ययन-अध्यापन की स्थिति इतनी कमजोर है कि अगर छात्र अतिरिक्त कोचिंग में न जाएं तो उनके लिए वर्तमान प्रतिस्पर्धा के दौर में सफल होना मुश्किल है। प्रश्न उठता है कि आखिर, हमारा शिक्षा ढांचा इतना लाचार क्यों हो गया। शिक्षा किसी समाज और राष्ट्र का मूल है। जैसी शिक्षा वैसे ही देश और समाज का निर्माण। जिन लोगों ने इस बात पर गहराई से विचार किया कि हमारा देश कभी विश्व के लिए आकषर्ण का केंद्र था तो उसकी शिक्षा व्यवस्था कैसी थी, उन्हें इसका उत्तर मिला। प्राचीन वांग्मय में पर्याप्त उदाहरण मिलते हैं कि हमारी शिक्षा छात्रों के लिए सच्चे ज्ञान की उच्चतम अवस्था को प्राप्त कर श्रेष्ठ मनुष्य बनने और समाज को दिशा देने जैसे कर्त्तव्य निर्वहन पर केंद्रित थी। देश, काल, परिस्थिति के अनुसार इसमें विषय घटते-बढ़ते रहे किंतु मूल लक्ष्य एक ही रहा। ज्ञात इतिहास में ऐसे विश्वविद्यालय उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम यानी पूरे देश में थे जहां विदेशों से भी छात्र आते थे। इसलिए भारत को कभी वर्तमान शिक्षा प्रणाली जैसा ढांचा खड़ा करने की आवश्यकता नहीं हुई। हमारे यहां स्वतंत्रता के बाद शिक्षा सुधार के नाम पर परिवर्तनों की कोशिशें की गई किंतु मूल ढांचा वही रहा जो हमें अंग्रेजों ने दिया। इस शिक्षा व्यवस्था में छात्र के सामने हम कॅरियर का ही विकल्प देते हैं।किसी भी क्षेत्र में जब कॅरियर सर्वोपरि होगी तो गलाकाट प्रतियोगिता होगी और फिर उसमें सफल रहने के लिए लाखों की संख्या में ऐसे ही संस्थान खड़े होंगे। कोचिंग तो छोड़िए देश में प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक के कितने निजी संस्थान खड़े हो चुके हैं।

इसकी गणना तक असंभव है। जो शिक्षा हमारे यहां स्वाभाविक रूप से समाज व्यवस्था में बिना अतिरिक्त व्यय के अपने आप मिलती थी, वह इतनी खर्चीली हो गई कि किसी सामान्य आदमी के लिए स्तरीय शिक्षा दिलाना असंभव है। दुर्भाग्य से पूरी व्यवस्था इसी शिक्षा व्यवस्था से निकले लोगों के हाथों है। पूरा वातावरण पिछले करीब डेढ़ सौ वष्रो में ऐसा बना है जिसमें इससे बाहर निकल कर नई शिक्षा व्यवस्था की ओर बढ़ने की कल्पना से लोग डरने लगते हैं।

आप देश भर के प्रमुख शहरों के एक वर्ष के ही इससे संबंधित समाचारों को उठाएंगे तो पता चलेगा कि अलग-अलग प्रकार की अनेक त्रासदियां शिक्षा व्यवस्था के कारण हो रही हैं। अपने कर्त्तव्य को समझें, उसका ठीक से निर्वहन करें तथा हमारे अंदर इतना आत्मविश्वास हो कि जीवन में कल क्या होगा, यह चिंता आए ही नहीं। सत्यनिष्ठ, ईमानदार परिश्रमी और विश्वास से भरे भारतीय संस्कारों से ओतप्रोत नौजवान ही देश और दुनिया में मनुष्य के कल्याण में वातावरण के निर्माण में भूमिका निभा सकेंगे। तो ऐसी घटनाओं से सबक लेकर हम सबको शिक्षा, कॅरियर आदि से जुड़े पूरे नरेटिव और इकोसिस्टम को बदलने के लिए जहां जो कर सकते हैं, कोशिश करनी चाहिए।

# मुस्लिम महिलाओं को गुजारे भत्ते का हक

//अजय दीक्षित//

**पिछले दिन सुप्रीम कोर्ट ने आदेश पारित किया है कि मुस्लिम महिलाओं को गुजारे भत्ते के बाद पूरा हक है और वे सी.आर.पी.सी. की धारा 125 (अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 144) के अन्तर्गत केस दायर कर सकती हैं। असल में बहुत साल पहले राजीव गांधी के जमाने में शाह बानो नाम से प्रसिद्ध केस में सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा ही आदेश पारित किया था कि तलाक के बाद मुस्लिम बीवी को गुजारे भत्ते का हक है। मुस्लिम विरोध को देखते हुए तब के प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने संसद से ऐसा बिल पारित करवा लिया कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला निरस्त होकर प्रभावहीन हो गया।**

वर्तमान फैसला मोहम्मद अब्दुल समद द्वारा दायर याचिका को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दिया है। असल में समद की तलाकशुदा पत्नी ने फैमिली कोर्ट में तेलंगाना में एक केस दायर किया था और फैमिली कोर्ट ने महिला के हक में फैसला सनाया था। पत्नी के पति समद ने इसे पहले जिला कोर्ट में और फिर तेलंगाना हाईकोर्ट में चैलेंज किया था। दोनों कोर्टो ने महिला के पक्ष में फैसला दिया और फैमिली कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। इसी को चैलेंज करने समद सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बैंगलोर वेंकटरमैया नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जार्ज ने फैमिली कोर्ट के फैसले को बरकरा रखा। अब केन्द्र में वर्तमान भाजपा की सरकार राजीव गांधी की तरह इस फैसले में देखलंदाजी नहीं करेगी क्योंकि यू.सी.सी. (यूनिफॉर्म सिविल कड) केन्द्र की एक योजना है। कुछ राज्यों में यह लागू भी हो चुका है। इसका मतलब है कि आप किसी भी धर्म के हो, तलाक, गुजारा-भत्ता, विवाह, सम्पत्ति का बंटवारा, धर्म परिवर्तन आदि में सभी पर एक जैसा क़ानून लागू होगा। गोवा में यह नियम पुर्तगालियों के जमाने से चला आ रहा है। उत्तराखण्ड में यह लागू हो रहा है। गुजरात में भी कुछ दिनों में लागू हो जायेगा। मध्य प्रदेश, राजस्थान, असम इसकी पूरी तैयारी में हैं। असल में मुस्लिम धर्मगुरु इसे शरीयत के ख़िलाफ़ मानते हैं और कहते हैं कि संविधान में, धर्म को लेकर जो गारंटी दी गई है, यह फैसला उसके खिलाफ है। अभी देश में सिख, ईसाई, पारसी पारसी, आदिवासियों आदि के लिए बहुत से मुद्दों पर उनके अपने नियम हैं। भाजपा का कहना है कि अनेक मुस्लिम देशों ने प्रगति करके अपने तकियानूसी नियमों को छोड़ दिया है। अभी तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को यदि पूर्व पति गुजारा भत्ता नहीं देता है तो उसे बक्फ बोर्ड द्वारा गुजारा भत्ता दिये जाने का प्रावधान है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि उसका फैसला सभी धर्मों की महिलाओं पर लागू हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि अब वक्त आ गया है कि भारतीय पुरुष पत्नी क त्याग पहचाने, उसका संयुक्त खाता खुलवाये। पति के लिए यह जरूरी है कि वह अपनी पत्नी को नियमित घर खर्च दे। वह भावनात्मक रूप से पति पर निर्भर है। असल में भाजपा के प्रवक्ता जिस तेजी से मुसलमानों के रीति रिवाजों पर तंज कसते हैं, उस धर्म गुरु चिढ़े हुए हैं। हिजाब को लेकर भी बहुत से राज्यों में विवाद चल रहा है। असल में यह विचारणीय है कि यदि सिख पगड़ी पहनकर कॉलेज, स्कूल में जा सकते हैं, हिन्दू तिलक लगाकर स्कूल जा सकते हैं, ईसाई पादरियों जैसी ड्रेस में स्कूल जा सकते हैं तो फिर हिजाब को लेकर इतना हाय हुल्ला क्यों। मुस्लिम धर्म गुरुओं का कहना है कि इस वर्तमान तलाक के मामले में यह तलाक़ मुस्लिम कानून के अनुसर हुआ है, तो गुजारे भत्ते का कोई नियम मुस्लिम कानून के अनुसार ही चलना चाहिए। अब देखें कि विपक्ष इस पर क्या रुख़ अपनाता है। असल में भारत के मुसलमानों की अपनी चिंता है। भाजपा में कोई मुस्लिम मंत्री नहीं है न ही सांसद हैं। अत~ शक तो बना ही हुआ है।

# पानी के लिए महिलाओं को दिन भर खटना

हाल के विकास कार्यक्रमों में हर घर जल की योजना विशेष तौर पर चर्चित रही है, विशेषकर दूर-दूर के गांवों के संदर्भ में। इन गांवों के परिवारों और विशेषकर महिलाओं के समय का एक बड़ा भाग परिवार की पानी की जरूरतों को पूरा करने में ही जाता रहा है।


दिन भर प्रयास करने के बाद भी कई बार पानी जैसी बुनियादी जरूरत की आपूर्ति ठीक से नहीं हो पाती थी और गर्मी के दिनों में तो जैसे जल-संकट का हाहाकार ही मच जाता था। इस स्थिति में जब भारत सरकार ने हर घर में नल का जल पंहुचाने की समयबद्ध योजना आरंभ की तो स्वाभाविक ही था कि इस योजना से बहुत उम्मीदें जुड़ गई। आज स्थिति यह है कि कहीं इस जल जीवन मिशन की उपलब्धि का उत्साह है तो कहीं अनेक समस्याओं को लेकर चिंता भी है। उपलब्धि और कठिनाइयों के बीच गांव किस स्थिति में है, यह जानने के लिए इन पंक्तियों के लेखक ने हाल में निवाड़ी जिले (मध्य प्रदेश) के अनेक गांवों का दौरा किया। यह बुंदेलखंड क्षेत्र, विशेषकर गर्मियों के दिनों में, जल-संकट के लिए चर्चा में रहा है। यह सर्वेक्षण भीषण गर्मी के दिनों में किया गया और मौसम सुधरने पर इससे बेहतर स्थिति सामने आएगी। इस क्षेत्र में सुखद स्थिति यह है कि गांव-स्तर की जल समितियों के स्तर पर अनेक गांववासी खुल कर अपनी समस्याओं को उठा रहे हैं। इस क्षेत्र में परमार्थ संस्था ने 'जल सहेली' महिला कार्यकर्ताओं के माध्यम से जल के मुद्दे पर जागरूकता फैलाई है और ग्राम सभाओं तथा पंचायतों में भी उनके विचारों को अधिक महत्त्व मिलने लगा है। इस तरह पानी के मुद्दे पर जनसक्रियता बढ़ी है और लोगों की समस्याओं के समाधान की संभावना बढ़ी है। जल-जीवन मिशन के अंतर्गत जब पाइपलाइनों को बिछाया गया, नल लगाए गए तो इस जागरूकता के कारण लोग बेहतर ढंग से गलतियों को रोक सके और स्थानीय ज्ञान के आधार पर बेहतर व्यवस्था कर सके। बहेरा गांव में यह सक्रियता अधिक है और अधिकांश परिवारों के नल लग गए हैं, पानी भी पहुंचने लगा है, फिर भी लगभग 12 प्रतिशत घरों में अभी पानी आना शेष है। ऊंचाई में पानी पंहुचाने में कठिनाई है, और स्कूल में भी। स्कूल के बोर में पानी गर्मी के चरम के दिनों में समाप्त हो गया और पास के एक अन्य कुएं में भी समाप्त हो गया। जिन गांवों में पानी आता है, सुबह आधे घंटे आता है। भीषण गर्मी के कारण यह गर्म होता है और पिया नहीं जाता। अतः पीने के लिए अनेक परिवार इस समय भी कुएं या हैंडपंप से ही पानी लाते हैं। नामापुरा गांव में अधिकांश घरों में पानी पहुंच रहा है पर ऊंचाई वाली बस्ती में अभी नहीं पहुंचा है। यहां पानी ले जाने के लिए तैयारी चल रही है। दो परिवारों ने कहा कि उनके नल भी नहीं लगे क्योंकि उनके घर पाइपलाइन की राह से कुछ हट कर हैं। नामापुरा गांव में नल में जो पानी आ रहा है, वह स्वच्छ नहीं है और लोग इसे पीने के लिए उपयोग में नहीं लाते। वे योजना बना रहे हैं कि टंकी संचालक के पास जाकर पता लगाएं कि गंदा पानी क्यों भेजा जा रहा है। इस तरह गांव अभी पहले के स्रोतों पर ही पेयजल के लिए आश्रित हैं पर इसमें एक बड़ी समस्या यह है कि इस पानी को पीने से पथरी की समस्या उत्पन्न हो रही है। गांववासियों ने बताया कि पांच-छह लोगों का पथरी का ऑपरेशन हो चुका है। पथरी से जुड़े दर्द और परेशानी की शिकायतें तो इससे कहीं अधिक लोगों को है और डॉक्टरों ने बताया है कि पानी के दूषित होने के कारण ऐसा हो रहा है। अब आगे गांव को तैयारी यह करनी है कि कम से कम नई पाइपलाइन का पानी स्वच्छ मिले जिससे वे पेयजल की आवश्यकताएं इससे पूरी कर सकें। चुरारा गांव में विभिन्न मुहल्लों में स्थिति भिन्न है जहां दलित, आदिवासी और कुशवाहा मोहल्लों में अधिक समस्याएं हैं। कुछ कुशवाहा परिवारों ने नल को उतार दिया है क्योंकि उनके अनुसार जब पानी ही नहीं आ रहा है तो इसे क्यों रखें पर कुछ अन्य मोहल्लों में स्थिति बेहतर है। कुछ लोगों ने कहा कि गर्म पानी पिया नहीं जाता। पहले मटके में रखना पड़ता है। फिर बाद में पी सकते हैं।

पानी रोज नहीं आता है। सेन्री गांव में दो दलित मोहल्लों में अभी पाइपलाइन और नल पहुंचे ही नहीं हैं। अन्य मोहल्लों में जहां नल लग गए हैं, वहां पानी रोज नहीं आता है और जब आता है तो उसका समय निश्चित नहीं होता। आदिवासी (सहरिया) मोहल्ले और साईबाबा मोहल्ले में पानी की अधिक कठिनाई है। कुछ अन्य स्थानों में लोगों को बोर और हैंडपंप से आपूर्ति हो जाती है। अत~ वे पाइपलाइन के पानी के बारे में विशेष चिंतित नहीं हैं। जहां तक परंपरागत कुओं का सवाल है तो वे लगभग बंद हो चुके हैं। एक समय इन कुओं की गांव की पेयजल आपूर्ति में सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका थी पर जिस तरह ये निरंतर उपेक्षित होते रहे तो अब इनकी भूमिका जल आपूर्ति में नगण्य हो गई है। इस तरह जहां कुछ स्रोत बढ़ रहे हैं तो कुछ कम भी हो रहे हैं। नामापुरा गांव के लोगों ने बताया कि पहले हरियाली बहुत अधिक थी, पेड़ बहुत अधिक थे। इनके बहुत कम हो जाने से जल संरक्षण पर और गर्मी का प्रकोप बढ़ने पर प्रतिकूल असर पड़ा है। कुछ स्थानों पर जल-स्तर तेजी से नीचे गया है। एक ही गांव जैसे सेन्री में एक मोहल्ले की अपेक्षा दूसरे मुहल्ले में जल-स्तर बहुत नीचे हो सकता है और जहां यह बहुत नीचे है वहां बोर विफल हैं, पानी नहीं दे रहे हैं। अधिक कठिनाई उन गांववासियों की है जहां बोर विफल हैं, जल-स्तर नीचे चला गया है और अभी पाइपलाइन का पानी भी ठीक से नहीं मिल रहा है।

## तस्वीरों की दुनिया



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार को रांची में झारखंड के राज्यपाल के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी।



केरल के वायनाड जिले में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन के बाद बचाव अभियान जारी है।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नई दिल्ली में संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में बोलते हुए।



कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।





दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी और मेयर शेली ओबेरॉय ने नई दिल्ली में दिल्ली सचिवालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर में राज्यपाल रमन डेका को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।



रमेन डेका ने रायपुर में राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित गरिमामय समारोह में छत्तीसगढ़ के 10 वें राज्यपाल के रूप में अपने पद की शपथ ली।

# चंद घंटे में खाली कराया गया स्कूल भवन

**महाप्रबंधक ने तत्काल लिया संज्ञान....**

**काटे गए विद्युत कनेक्शन......**




खबर का असर

**चरचा कालरी।** एसईसीएल चरचा कालरी के स्वामित्व की सेशन मेमोरियल इंग्लिश मीडियम स्कूल की बिल्डिंग में स्कूल को बंद कर कपड़े धोने का कार्य किया जा रहा था कपड़े धोने वाली संस्था के द्वारा स्कूल बिल्डिंग का उपयोग करने के एवज में अनधिकृत रूप से किराया देने की भी बात कही गई थी इस घटना को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया समाचार प्रकाशन के चंद घंटे में ही महा प्रबंधन बैकुंठपुर क्षेत्र में तत्काल संज्ञान में लिया और जिम्मेदार लोगों को दिशा निर्देश दिए इसके पश्चात स्थानीय प्रबंधन हरकत में आया और तत्काल तस्कूल भवन की बिजली के कनेक्शन काट दिए गए जिससे कपड़े धोने की मशीन का कार्य बंद हो गया गया इसके साथ ही स्कूल शिक्षा समिति के अध्यक्ष के द्वारा विद्यालय के प्राचार्य को जमकर फटकार लगाई गईऔर तत्काल कपड़े धोने का कार्य करने वाले लोगों को खाली करने का निर्देश दिया गया प्रबंधन के तीखे तेवर से तुरंत स्कूल भवन खाली होकर शिक्षा समिति के कब्जे में आ गया।

पूर्व लोकप्रिय प्रबंधक स्वर्गीय सेशन की स्मृति में 46 वर्ष पूर्व अखिल भारतीय सेशन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता की शुरुआत की गई थी जो आज तक चल रही है यह प्रतियोगिता देश में सबसे लंबे समय तक आयोजित की जाने वाली अखिल भारतीय स्तर की चंद प्रतियोगिताओं में एक है इस प्रतियोगिता की वजह से पूरे देश में चरचा कालरी का नाम जाना पहचाना जाता है इसी क्रम में 40 वर्ष पूर्व पहुंच विहीन ,संसाधन विहीन चर्चा क्षेत्र मेंअंग्रेजी माध्यम की शिक्षा को सहज रूप में उपलब्ध कराने हेतु वर्ष 1984 में सेशन स्मृति सेशन मेमोरियल इंग्लिश मीडियम स्कूल की


स्कूल को बना दिया धोबी घाट

स्थापना की गई जो 40 वर्षों के पश्चात लापरवाही की वजह से बंद सा हो गया है सेशन मेमोरियल इंग्लिश मीडियम स्कूल के 40 वर्षों का गौरवशाली इतिहास अतीत के पन्नों में सिमट कर रह जाएगा स्वर्गीय सेशन को श्रद्धांजलि स्वरूप दी गई सेशन मेमोरियल स्कूल की सौगात की यादें सिर्फ शेष रह जाएगी।

स्थानीय प्रबंधन को यह प्रयास करना चाहिए कि फिर से स्कूल को नए सिरे से प्रारंभ किया जाए या फिर शिक्षा के इस मंदिर को बगल में ही संचालित आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल को दे दी जाए जिससे वहां पढ़ने वाले बच्चों को वर्तमान में बैठने की जो असुविधा हो रही है। उसका समाधान हो जाएगा साथ ही स्कूल में शिक्षा का कार्य चलते रहेगा यह बिल्डिंग शिक्षा के क्षेत्र में स्वर्गीय सेशन को समर्पित रहेगी।

## कन्या स्कूल की छात्राओं ने सैनिक भाइयों को भेजा रक्षा सूत्र



**कोरिया बैकुंठपुर।** 31 जुलाई को जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया जितेन्द्र गुप्ता के दिशा निर्देशन व शा. आ. क. उ. मा. वि. बैकुंठपुर के प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता के मार्गदर्शन में पूर्व सैनिक संगठन सिपाही ,पूर्व सैनिक महासभा छ. ग. के अभियान आपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र (वार्षिक कार्यक्रम तिरंगा सिपाही और मेरा देश) से संबंधित शा. आ. क. उ .मा. वि. बैकुंठपुर में अध्ययनरत छात्राओं द्वारा अपनी इच्छानुशार रक्षक अग्निवीर, भारतीय सैनिकों को लिफाफे में राखी (रक्षा सूत्र) स्वयं के लिफाफे पर अपना फोन न. लिखा हुआ एक पत्र और अपने गांव की एक चुटकी मिट्टी हमारे देश की रक्षा कर रहे सैनिकों के तिलक के लिए भेजा गया। साथ ही ऐच्छिक अंशदान डाक खर्च के लिए न्यूनतम 10 रुपये प्रति छात्रा की दर से 129 छात्राओं के द्वारा एकत्रित की गई राशि 1290 रुपये सहित छात्राओं के नाम की सूची प्राचार्य श्री गुप्ता द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया को सौंपी गई इस पुनीत कार्य मे छात्राओं के मार्गदर्शक के रूप में श्रीमती पी सिंह,जे दुबे,संजय कुमार यादव, रामलखन गौतम,अनुराधा सोनपाकर,एस. ए. अली, ए. शर्मा, रीना जगत,एस. श्रीवास्तव,के. शिवहरे,फगनी बाई,जे. पी. जे. नायर,के. सोनवानी, अल्फा वरवा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## कोरिया जिले में अब तक औसत 353 मिमी वर्षा दर्ज



**कोरिया।** जिले के बैकुंठपुर सहित सोनहत, पटना आदि जगहों पर रुक- रुक कर बारिश व बूंदाबांदी हो रही। खेती के लिए बारिश होना बहुत जरुरी है। वैसे खेती- किसानी व रोपाई के कार्यों में तेजी आई है। भू-अभिलेख शाखा से मिली जानकारी के मुताबिक कोरिया जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष 1 जून 2024 से अब तक औसत वर्षा 353 मिमी दर्ज की गई है। जिले के सभी चारों तहसीलों में पिछले 24 घंटों में औसत वर्षा 25.2 मिमी दर्ज की गई है। जानकारी अनुसार पिछले 24 घण्टों में सर्वाधिक वर्षा पटना तहसील में 13.1 मिमी दर्ज की गई, वहीं बैकुंठपुर तहसील में 4.2 मिमी, सोनहत 2.5 में मिमी एवं पोड़ी बचरा तहसील में 5.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 564.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 31 जुलाई सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1361.4 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 225.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। सरगुजा सम्भाग की बात करें तो सूरजपुर जिले में 347 मिमी, बलरामपुर में 515.2 मिमी, जशपुर में 385 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 374.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविरों में अब तक 139 आवेदकों ने दिया आवेदन

**कोरिया।** नगरीय प्रशासन विकास विभाग के निर्देशानुसार कोरिया जिले में आज नगर पालिका परिषद शिवपुर-चरचा तथा बैकुण्ठपुर के वार्डों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

नगरीय निकायों में रहने वाले आम लोगों की भागीदारी और उनकी मांगे, समस्याओं और जरूरतों के लिए बैकुण्ठपुर नगर पालिका परिषद एवं शिवपुर-चरचा के वार्डो में जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। अब-तक नगर पालिका परिषद शिवपुर-चरचा के वार्ड क्रमांक-1 सामुदायिक भवन, वार्ड क्रमांक 2-3 विवेकानंद बस स्टॉप, वार्ड क्रमांक 4,5 दुर्गा पण्डाल शेड इसी तरह बैकुण्ठपुर नगर पालिका द्वारा वार्ड क्रमांक 1, 2, गंगाश्री के सामने फिल्टर प्लांट, वार्ड क्रमांक 3,5 मिशन स्कूल प्रांगण में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। नगर पालिका शिवपुर-चरचा में अब तक 67 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें 49 आवेदन मांगों के हैं तथा 29 आवेदन शिकायत के प्राप्त हुए हैं, वहीं बैकुण्ठपुर नगर पालिका में लगे शिविरों में 72 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 54 मांगों से संबंधित हैं तो 18 शिकायतें



के आवेदन दर्ज हुए हैं। इन मांग व शिकायत वाले आवेदनों में ज्यादातर नल कनेक्शन, साफ-सफाई, राशन कार्ड, विधवा पेंशन, नक्शा बटांकन, आय, निवास, जाति, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र, बिजली बिल अधिक, घर के ऊपर लगे बिजली तार को हटाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए हैं। विभिन्न वार्डों में सिकलसेल, मधुमेह, ब्लड प्रेशर की जांच की जा रही है साथ निःशुल्क दवाई भी दी जा रही है। नगर पालिका शिवपुर चरचा के अंतर्गत 01 अगस्त को वार्ड क्रमांक 06, 07 व 08 सामुदायिक भवन में, 02 अगस्त को वार्ड क्रमांक 09,10,11 व 12 सामुदायिक भवन में, 05 अगस्त को वार्ड क्रमांक 13,14 व 15 सामुदायिक भवन में, 06 अगस्त को वार्ड क्रमांक 01 से 05 तक का वार्ड सामुदायिक भवन में, 07 अगस्त को वार्ड क्रमांक 06 से 10 तक सामुदायिक भवन में तथा 08 अगस्त को वार्ड क्रमांक 11 से 15 तक सामुदायिक भवन में जनसमस्या निवारण पखवाडे का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह नगर पालिका बैकुण्ठपुर के अंतर्गत 01 अगस्त को वार्ड क्रमांक 04 एवं 15 आंगनवाड़ी खुटनपारा में, 02 अगस्त को वार्ड क्रमांक 06 एवं 07 षिव मंदिर के पास, 05 अगस्त को वार्ड क्रमांक 08 आंगनबाड़ी भवन चेर में, 06 अगस्त को वार्ड क्रमांक 09, 10 आत्मानंद स्कूल महलपारा में, 07 अगस्त को वार्ड क्रमांक 11, 12 नगर पालिका परिसर में, 08 अगस्त को वार्ड क्रमांक 12, 13 मानस भवन में, 09 अगस्त को वार्ड क्रमांक 16,17,18 रैन बसेरा प्रेमाबाग में एवं 10 अगस्त को वार्ड क्रमांक 19, 20 दुर्गा पण्डाल जूनापारा में जनसमस्या निवारण पखवाडे का आयोजन आगामी 10 अगस्त तक की गई है।

## नगरवासियों ने जगदीश दास महाराज का किया जोरदार स्वागत

**रामानुजगंज।** श्रीराम मारुति धाम पीठाधीश्वर जगदीश दास जी महाराज का आगमन आज नगर में हुआ जिनका स्वागत बड़ी संख्या में नगरवासियों के द्वारा किया गया इस दौरान उन्होंने मां महामाया मंदिर में जाकर भी पूजा अर्चना भी किया गया। गौरतलब है श्री राम मारुति धाम पीठाधीश्वर जगदीश जी महाराज के द्वारा नगर में श्री मारुती यज्ञ दो बार कराया गया था। उस समय आयोजन की भव्यता देखते बनी थी। नगर में ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन हुआ था। नगर में बड़ी संख्या में उनके अनुयाई है। अनुयायियों को जैसे ही उनकी आने की सूचना मिली तो बड़ी संख्या में उनके स्वागत के लिए लोग पहुंचे इस दौरान पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मधु गुप्ता, अजय गुप्ता, अरुण केसरी, अशोक केसरी, हरिहर यादव, डॉ राकेश गुप्ता अजय गुप्ता,सुरेंद्र केसरी, दशरथ यादव पप्पू जायसवाल, अजय केसरी, सुनील गुप्ता मुन्ना,मुकेश केसरी सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

## दो सटोरिए चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर।** पुरानी बस्ती पुलिस ने पंकज गार्डन के पास दो सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 3370 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पंकज गार्डन के पास खोखोपारा में दबिश देकर आरोपी भक्तराज घोष 27 वर्ष व अमर सिंह 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 3370 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## बोलबम का जयघोष,बतौली पहुंचे कांवड़िए

**अंबिकापुर।** रिमझिम बारिश के बीच अंबिकापुर के शंकरघाट बांकी नदी से जल उठाकर कावड़िए 80 किलोमीटर दूर कैलाश गुफा में जलाभिषेक के लिए रवाना हुए। भोलेनाथ के गीतों व बाजे-गाजे के साथ निकली इस अद्भुत कावड़ यात्रा से नगर का माहौल भक्ति में डूबा रहा। बारिश के बाद भी इस अद्भुत आयोजन में समाज के सभी वर्गों की उत्साहपूर्वक भागीदारी रही।

अंबिकापुर से लेकर बतौली तक भक्ति और उल्लास के बीच कावड़ियों का रेला लगा रहा। जगह-जगह कावड़ियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी। बुधवार शाम को कावड़िए बतौली पहुंच गए।यहां भजन संध्या और उनके आवास तथा भोजन की व्यवस्था की गई। गुरुवार भोर से कावड़िए फिर से पदयात्रा शुरू करेंगे। सरगुजा कांवरिया सेवा संघ के तत्वावधान में शुरू हुई कावड़ यात्रा को लेकर मंगलवार दोपहर बाद से ही शहर में भक्ति व उल्लास का माहौल था। शाम को शहर में जीवंत झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई थी।मध्यरात्रि के बाद से कावड़ियों के शंकरघाट से जल उठाकर कैलाश गुफा जाने का क्रम शुरू हो गया था। बुधवार दोपहर तक यह क्रम चलता रहा। शहर में जगह-जगह कावड़ियों का स्वागत किया गया। रिमझिम बारिश से कावड़ियों को थोड़ी राहत भी मिली।

छोटे बच्चों के साथ युवा, बुजुर्ग व महिलाएं भी बोलबम का जयघोष कर पूरे उत्साह के साथ कैलाशनाथेश्वर धाम में जलाभिषेक के लिए पदयात्रा में शामिल है। शहर सीमा में दरिमा मोड़ के समीप भोलेनाथ, माता पार्वती व पुत्र गणेश की जीवंत झांकी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही। दरिमा मोड़ पर भोलेनाथ हाथ में त्रिशुल व डमरू लिए भक्ति गीतों के बीच झूमते-नाचते रहे जिससे श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर रहा। शहर में स्टाल लगाकर कांवड़ियों की जलपान की व्यवस्था की गई थी। यात्रा स्थानीय शंकरघाट से प्रारंभ होकर लुचकी, चेंद्रा,रघुनाथपुर, लमगांव,बेलकोटा होते देर शाम बतौली पहुंची। जगह -जगह सेवा कार्य में लोग लगे रहे। पुलिस



व स्वास्थ्य विभाग की टीम को भी तैनात रखा गया था। मंगलवार शाम से ही हजारों कांवरियों ने शंकरघाट में ही अपना पड़ाव डाल रखा था। ऐसा अद्भूत संगम जिले में इसी समय देखने को मिलता है जहां एक ही गेरूवा वस्त्र में सारे शिवभक्त नजर आते हैं। शंकरघाट से नाचते-गाते उत्साह व उमंग के साथ कांवड़िए पावन यात्रा के लिए निकल पड़े थे। पौ फटने के बाद तक कई कांवरिये लुचकी घाट, काली मंदिर चेंद्रा तक पहुंच चुके थे। छोटे बच्चों के साथ युवा, बुजुर्ग व महिलाएं भी बोलबम का जयघोष कर पूरे उत्साह के साथ कैलाशनाथेश्वर धाम में जलाभिषेक के लिए निकले।अंबिकापुर से बतौली तक हर जगह सिर्फ गेरूवा वस्त्रधारी कांवरिये ही नजर आ रहे थे। पूरा नजारा बाबाधाम जैसा प्रतीत हो रहा था। अंबिकापुर शंकर घाट से जल उठा कर निकले कांवड़ियों के लिए जगह -जगह स्वागत और सेवा की व्यवस्था की गई थी। शंकर घाट से लेकर बतौली तक सेवाभावी लोगों द्वारा चाय, नाश्ते के साथ भक्ति गीत संगीत का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।सारी रात श्रद्धालुओं के साथ सेवाभावी लोग जागते रहे। रात 12 बजे से ही कांवरिया कैलाश गुफा के लिए रवाना होने लगे थे। इसलिए रात भर सेवाभावी लोगो द्वारा चाय नाश्ते का प्रबंध अलग-अलग स्थानों पर किया गया।शंकर घाट के अलावा रामानुजगंज नाका चौक, पुलिस लाइन शिव मंदिर के पास, स्कूल रोड में हनुमान मंदिर, थाना चौक, महामाया चौक, सदर रोड में दो-तीन स्थानों के अलावा दरिमा मोड़ में भव्य गीत संगीत का कार्यक्रम चलता रहा। यहां शिव, पार्वती की जीवंत झांकी और उनके द्वारा प्रस्तुत नृत्य आकर्षण का केंद्र रहे।लुचकी घाट तक शहर के लोगों ने जगह-जगह स्टाल लगाकर कांवरिया लोगों की न सिर्फ सेवा की बल्कि उन्हें फल, चाय, बिस्किट उपलब्ध कराया।

**मां-बेटे की हत्या**

## एक ही परिवार के चार को आजीवन कारावास

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सितकालो में लगभग तीन वर्ष पूर्व जमीन विवाद पर मां- बेटे की हत्या करने के आरोप पर द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मोनिका जायसवाल के न्यायालय ने दंपती तथा उसके पुत्र व पुत्रवधु को आजीवन कारावास व अर्थदंड से दंडित किया है।अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर अतिरिक्त सश्रम कारावास भी आरोपितों को भुगतना होगा। अतिरिक्त लोक अभियोजक अरविंद सिंह ने बताया कि घटना दिवस 14 मार्च 2021 को उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सितकालो निवासी मृतक धुनेश्वर टोप्पो अपनी मां तुली बाई तथा पुत्र रूबेन टोप्पो के साथ खेत का मेड़ बना रहे थे। इस दौरान आरोपित रतिराम मझवार,अपने पुत्र प्रेमसाय उर्फ विदुर,पत्नी धनमोती उर्फ गणेश्वरी तथा पुत्रवधु गनेशी के साथ मौके पर पहुंचे।आरोपित रतिराम ने धुनेश्वर टोप्पो को खेत का मेड़ बनाने से मना किया। आरोपित का कहना था कि यह जमीन उसकी है। जबकि धुनेश्वर टोप्पो का कहना था की जमीन उसके पट्टे की है। इसलिए वह अपने जमीन पर मेड़ बना रहा है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच चर्चा चल रही थी।

## शराबियों ने उपस्वास्थ्य केंद्र में तोड़फोड़ कर जांच उपकरण चुराए

**प्रतापपुर।** खड़गवां पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम जगन्नाथपुर स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र में रविवार की रात को कुछ नशेड़ियों ने धावा बोलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। उप स्वास्थ्य केन्द्र के आसपास रहने वाले ग्रामीणों के अनुसार रात के समय में उप स्वास्थ्य केन्द्र के परिसर में गांव के ही कुछ लोग शराब की बोतल, डिस्पोजल गिलास व चखना लेकर रोजाना महफिल जमाने पहुंच जाते हैं।

बताया जा रहा है कि रविवार की रात को भी यहां जगन्नाथपुर के ही करीब छह लोगों ने शराब की महफिल सजा रखी थी। शराब पीने के बाद नशे में डूबे यह असामाजिक तत्व उप स्वास्थ्य केन्द्र के पीछे पहुंचे। सबसे पहले पीछे के हिस्से में लगी खिड़की जो कि पहले से ही जर्जर स्थिति में है उसके कांच को फोड़ा फिर खिड़की को एक तरफ से तोड़ कर रास्ता बनाया। फिर उसी रास्ते में हाथ घुसा कर खिड़की के पास मौजूद लोहे की खुली अलमारी में रखे स्वास्थ्य की जांच में काम आने वाले स्टेथोस्कोप, ग्लुकोमीटर, एचबी मशीन, बीपी मशीन व अन्य उपकरणों की चोरी कर ली। इसमें से बीपी मशीन को तो क्षतिग्रस्त कर उप स्वास्थ्य केन्द्र के पीछे फेंक दिया और बाकी उपकरणों को अपने साथ ले गए। सोमवार की सुबह जब वहां कार्य करने वाली एक सफाईकर्मी पहुंची तो उसे उप स्वास्थ्य केन्द्र की खिड़की व उसमें लगा कांच टूटी हुई अवस्था में मिला। साथ ही टेबल में रखे उपकरण भी गायब मिले। कुछ देर बाद उप स्वास्थ्य केन्द्र के अन्य स्टाफ भी पहुंचे और घटना की जानकारी गांव के सरपंच व सचिव को दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर अंतर्गत आने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र जगन्नाथपुर में रविवार की रात हुई चोरी की जानकारी जब वहां के स्टाफ ने सरपंच व सचिव को दी तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर स्वास्थ्य केंद्र के आसपास रहने वाले कुछ ग्रामीणों से चोरी के संबंध में पूछताछ की। पूछताछ में ग्रामीणों ने बताया कि रात में यहां गांव के ही छह लोग बैठकर शराब पी रहे थे। शराब पीने के बाद उन्हीं लोगों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इसके बाद उन छहों लोगों को मौके पर बुलाकर कड़ी फटकार लगाते हुए उन्हें पुलिस के हवाले करने की बात कही जाने लगी। इसी बीच छहों लोगों के स्वजन भी मौके पर पहुंचे और इन लोगों ने पहली बार ऐसी गलती की है बोलकर माफी देने की बात कहते हुए उप स्वास्थ्य केन्द्र को चोरी की वारदात से हुए नुकसान की पूरी भरपाई करने का वादा करने लगे। इसके बाद सरपंच सचिव ने चोरी की घटना में शामिल उन लोगों को पुलिस को सूचना दिए बगैर ही छोड़ दिया। इस संबंध में जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर के बीएमओ डा. विजय सिंह से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि मुझे इस घटना के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। जानकारी लेने के बाद ही कुछ बता पाऊंगा।

## शराब पीते 7 गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सरेआम शराब पीते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। तेलीबांधा पुलिस ने बजरंग चौक लाभांडी में सरेआम शराब पीते आरोपी दिलीप चौहान 41 वर्ष व अभिषेक कुमार 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी गुमान यादव 38 वर्ष एवं पुरानी बस्ती पुलिस आरोपी अभय विश्वकर्मा 20 वर्ष व नामदाउ चौहान 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह टिकरापारा पुलिस ने आरोपी भूपेन्द्र ध्रुव 21 वर्ष व खरोरा पुलिस ने आरोपी रूपचंद साहू 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** मौदहापारा पुलिस ने समवेत शिखर कॉम्पलेक्स के पास चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है।

## ज्वेलरी शाप में चोरी, स्टेडियम का चक्कर लगाकर खड़ा हो गया खोजी कुत्ता

**सीतापुर।** शहर में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित रानी ज्वेलर्स में मंगलवार रात चोरों ने धावा बोला। इस दौरान चोरों ने ग्रिल एवं शटर को तोड़कर दुकान में रखा कीमती सामान पार कर दिया। चोरों द्वारा पार किए गए सामान की अनुमानित कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।




विदित हो कि मंगलवार देर रात शहर में नेशनल हाईवे से सटे रानी ज्वेलर्स में चोरों ने धावा बोल दिया।चोरों ने ज्वेलरी के जिस दुकान पर धावा बोला था। वह दुकान लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम के पास राष्ट्रीय राजमार्ग से दस कदम की दूरी पर स्थित है।राष्ट्रीय राजमार्ग होने की वजह से रात भर सड़क पर गाड़ियों का आना जाना लगा रहता है। इसके बाद भी चोरों ने बड़े दुस्साहस के साथ ज्वेलरी के दुकान पर धावा बोला।इस दौरान चोरों ने पहले दुकान के बाहर लगे सभी सीसी टीवी कैमरे का कनेक्शन काटा।उसके बाद ग्रिल एवं शटर को तोड़कर चोर अंदर घुसे।जहाँ उन्होंने शो-केस में रखा कीमती आभूषण पार कर दिया। चोरों द्वारा दुकान से कितने का सामान पार किया गया है।इस बारे में कोई ठोस जानकारी नही मिल पाई है। एक अनुमान के मुताबिक चोरों द्वारा पार किए गए सामान की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही हैं।इस घटना के बाद दुकान संचालक की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची।इस बीच अंबिकापुर से क्राइम ब्रांच की टीम भी घटनास्थल पर पहुँच गई थी। चोरों ने जिस अंदाज में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। उसे देखते हुए पुलिस ने चोरी का सुराग लगाने के लिए डॉग स्क्रायड को भी बुलवा लिया था।सूचना के बाद काफी विलंब से पहुंची डॉग स्क्रायड की टीम के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान दुकान खुलते ही डॉग स्क्रॉयड की टीम पहले अंदर गई। वहां से बाहर निकलने के बाद डॉग स्क्रायड की टीम स्टेडियम का चक्कर लगाकर खड़ी हो गई।इस बीच पुलिस एवं क्राइम ब्रांच ने पूरे दुकान का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकान के शोकेस में रखा कीमती सामान गायब मिला।इसके अलावा सुधार के लिए आया सोने के गहने भी गायब मिले।एक अनुमान के मुताबिक चोरों द्वारा पार किये गए सामान की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप जॉन लकड़ा ने बताया कि दुकान संचालक द्वारा चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई।जिसकी जांच की जा रही है।

# रखरखाव के अभाव में अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा पाली का यह तालाब

**कोरबा।** जिले के पाली क्षेत्र में कभी सुंदरता के लिए प्रसिद्ध तालाब अब रखरखाव के अभाव में अपनी अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। जिसके चलते तालाब की उपयोगिता व सुंदरता भी फीकी पड़ रही है।

जानकारी के अनुसार कटघोरा वनमंडल के पाली वन विश्राम गृह से लगे तालाब का वर्षों पूर्व वन विभाग द्वारा आधा करोड़ से अधिक की राशि खर्च कर लोगों के सकुन, शांति व मनोरंजन के लिए कराया गया सौंदर्यीकरण का कार्य रख रखाव के अभाव में उजड़कर अपनी आस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है और इसकी सुंदरता फीकी हो चली है। जहां कराए गए सौंदर्यीकरण के एक भी कार्य सलामत नही है।

पाली वन परिक्षेत्र के अंतर्गत वन विभाग विश्राम गृह से लगे तालाब, जिसे लोग हथखोजा तालाब के नाम से जानते है। लगभग 9- 10 वर्ष पूर्व रेंजर रहे अरविंद तिवारी के कार्यकाल में इस तालाब का कायापलट के तहत आधा करोड़ से भी अधिक राशि की लागत से सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया था। तालाब में पचरी निर्माण व इसके सौंदर्यीकरण के साथ नाव बोट, मेढ़ में




टाइल्स, सीमेंट कुर्सी व अन्य सौंदर्यीकरण कार्य के साथ वाटिका का रूप प्रदान किया गया था। जहां तात्कालीन रेंजर केदार नाथ जोगी के कार्यकाल तक इस तालाब के सौंदर्यीकरण का उचित देखभाल से सबकुछ ठीक- ठाक था, लेकिन वर्तमान हालात यह है कि सबकुछ उजड़कर इस तालाब की सुंदरता फीकी पड़ चुकी है जिसे विभाग ने भगवान भरोसे छोड़ दिया है। पहले यहां काफी उम्मीद के साथ लोग तनाव मुक्त होने व परिवार के साथ समय बिताने पहुँचते थे। किंतु अब टूटे- फूटे सामान देखकर उन्हें निराशा होती है। हाल ए समय मे निर्मित पचरी व आकृतियां जीर्णशीर्ण है, मेढ़ के अधिकतर टाइल्स उखड़ चुके है, सीमेंट की कुर्सियां भी आस्तित्व खो रहे, सुंदरता के लिए लगाए गए पेड़ पौधे नष्ट होकर जंगली झाड़ियां उग आई है। नौका विहार के लिए मौजूद नाव व फव्वारा सिस्टम गायब हो गए है। जहां अब कोई भी जाना गवारा नही समझता है। वन अधिकारियों की अनदेखी से बदहाल इस तालाब के मेढ़ में मवेशी बेधड़क घुसने लगे है तो दूसरी ओर शराबियों के लिए बैठकर शराब पीने का अड्डा बन चुका है। कुछ वर्षों पूर्व तक यह तालाब स्थानीय व आसपास लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र था लेकिन वर्तमान वन अधिकारियों के अनदेखी से यह तालाब अब धोबीघाट बनकर रह गया है। सूत्र बताते है कि विभागीय उपेक्षा के चलते अपनी सुंदरता खोकर आस्तित्व की लड़ाई कर रहे हथखोजा तालाब के देखरेख व विस्तार के नाम पर अनेको बार राशि व्यय की गई है, पर काम एक ढेला भी नही कराया गया है। नतीजतन दुर्दशा की मार झेल रहे तालाब को देखकर लोग बाग भी शर्मिंदा हो जाते है।

## खदान में अधिकारी की मौत : कुसमुंडा सीजीएम आए बैकफुट पर, किया आदेश को अमान्य

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमंडा महाप्रबंधक राजीव सिंह ने अपने उस आदेश को वापस ले लिया है, जिसमें कार्य के दौरान मोबाइल पर गेम नहीं खेलने का हवाला देते हुए जितेन्द्र नागरकर को ही अपनी मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया गया था। महाप्रबंधक ने 31 जुलाई, 2024 को एक दूसरा आदेश निकाला, जिसमें यह लिखा गया।

जांच के दौरान फ्रंट लाइन सुपरवाइजर के बयान के आधार पर इस कार्यालय से जारी कार्यालय आदेश संख्या SECL/GM/KA/24-25/84 दिनांक 29 जुलाई 2024 को वापस लिया जाता है तथा इसे अमान्य माना जाएगा।

इसके पहले 29 जुलाई को एक आदेश में महाप्रबंधक ने सहायक प्रबंधक (खनन) जितेन्द्र नागरकर को ही अपनी मौत का जिम्मेदार बताया था। 27



जुलाई को खदान में तेज बारिश के बीच ओव्हर बर्डन में पानी के ओवर फ्लो होने के कारण लैंडस्लाइड की घटना हुई थी। इसमें जितेन्द्र नागरकर बह गए थे और उनकी मौत हो गई थी।इस आदेश को लेकर सोशल मीडिया में महाप्रबंधक की काफी आलोचना हुई। इसके बाद 31 जुलाई को महाप्रबंधक ने अपने ही आदेश को अमान्य करते हुए इसे वापस ले लिया। बताया गया है कि एसईसीएल सीएमडी डा. पीएस मिश्रा ने जीएम कुसमुंडा के आदेश पर नाराजगी जाहिर की।

## पुल हुआ क्षतिग्रस्त

**कोरबा।** कटघोरा विधानसभा के ग्राम पंचायत देवरी व ग्राम कोराई के बीच सलिहा नदी पर बनी पुल तेज बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है। पुल के क्षतिग्रस्त होने के कारण मार्ग पर आवागमन बाधित हो रहा है।

## दो ट्रकों के बीच भिड़ंत के बाद लगी वाहनों की लंबी कतार

**कोरबा।** जिले में दीपका थानांतर्गत जबरदस्त सड़क हादसा हुआ है। तिवरता पेट्रोल पंप के पास दो ट्रकों में आमने-सामने जबरदस्त भिडंत हो गए। हादसे के बाद दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि हादसे का सुखद पहलु यह रह,कि इसमें किसी तरह की जनहानी नहीं हुई है,हालांकि हादसे के बाद मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था को बहाल करवाया। हादसे के लिए कौन जिम्मेदार है,इस बात का पता नहीं चल सका है।

वहीं एक अन्य घटना में इसी मार्ग पर ट्रेलर चालक ने बाइक को ठोकर मार दी। हादसे में बाइक चालक घायल हो गया। घायल की पत्नी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस ने बताया कि ग्राम लिटियाखार निवासी बसंत श्याम जीटीपी कंपनी में काम करता है। वह कंपनी से वापस बाइक से घर लौट रहा था। तिवरता वर्मा मेडिकल के पास पहुंचा था। मार्ग पर ट्रेलर के चालक ने ठोकर मार दी। हादसे में बाइक चालक घायल हो गया। कथित आरोपी ट्रेलर चालक घटना को अंजाम देने के बाद मौके से भाग गया। उसने पत्नी को फोन से घटना की जानकारी दी। स्थानीय लोगो की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी पत्नी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने कथित आरोपी के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चालने का केस दर्ज किया है।

## विधायक पटेल ने बैठक ली

**कोरबा।** कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल ने कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए उन्हें सक्रिय करने का प्रयास किया। हरदीबाजार मंडल की इस बैठक में प्रदेश से आए कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। जिसमें कहा गया कि सभी बूथों में एक पेड़ मां के नाम लगाए जाने हैं। इसके अलावा केंद्र सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाना होगा। बैठक को वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज शर्मा, नरेश टंडन, चुलेश्वर राठौर ने भी संबोधित किया। बैठक में हरदीबाजार नगर मंडल के अध्यक्ष हरीश थरवानी, छतलाल यादव, उषा विश्वकर्मा सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।




**कोरबा।** कोसाबाड़ी चौक के पास पिछले तीन दिन से सड़क पर पानी भरा है जो यहां के व्यवसायियों और रहवासियों के लिए अत्यंत कष्टदायक है। नगर निगम के पूर्व सभापति राम नारायण सोनी के नेतृत्व में कुछ लोग पानी में खाट बिछाकर बैठ गए। विरोध के नए तरीके की जानकारी मिलने पर नगर निगम के अधिकारी सक्रिय हुए और उन्होंने पानी निकासी का प्रयास शुरू किया।

## खदान पहुंच मार्ग की मांग करेगा बीकेकेएमएस

**कोरबा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन की आईआर बैठक आज कुसमुंडा में आयोजित की गई है। जिसमें कई पुराने मुद्दों को उठाया जाएगा। बरसात के दिनों में खदान पहुंच मार्ग की दशा अत्यंत खराब है। लाइटिंग की व्यवस्था भी ठीक नहीं है। कोयला कामगारों को आने-जाने में काफी दिक्कतें होती है। इसके अलावा बाहर से स्थानांतरण होकर आए कोयला कामगारों को आवास देने का मामला भी है। बाहर से आए कामगारों को रहने में काफी परेशानी हो रही है। इसी तरह डिसेंट हाउसिंग का मुद्दा भी है। कई ऐसे पुराने आवास हैं जिस पर मरम्मत का काम होना है। इस बैठक में अमिया मिश्रा, जसवंत साहू, राहुल वर्मा, मोरध्वज भार्गव सहित अन्य कार्यकर्ता अन्य मुद्दों को भी उठाएंगे।

## बसपा प्रदेश प्रभारी रत्नाकर ने बैठक ली

**कोरबा।** बसपा के प्रदेश प्रभारी दाउराम रत्नाकर का कोरबा आगमन हुआ। उनका निहारिका क्षेत्र स्थित कार्यालय में जोरदार स्वागत किया गया। उनके साथ प्रदेश के नेता राधेश्याम सूर्यवंशी व दूजराम बौद्ध भी थे। बैठक में नगर पालिक निगम चुनाव सहित अन्य चुनावों पर चर्चा की गई। आगे की रणनीति तैयार करते हुए चुनाव लड़ने वाले कार्यकर्ताओं की सूची बनाने को कहा गया है। इस बैठक को बसपा के जिलाध्यक्ष फूलचंद सोनवानी ने भी संबोधित किया। बैठक में राजकुमारी नारंगे, प्रदीप पंधे, सत्यजीत कुर्रे, भगवती केमेंडीज, मूलचंद आजाद, बाबूलाल टंडन, महेंद्र निराला, कार्तिक बाई, तेरस बाई, केसर सोनवानी, अनिता टंडन, अरूणा चंद्राकर, दीप आजाद, लता खूंटे, वर्षा रत्नाकर, जानकी कुर्रे, लीना निराला, पुष्पा रात्रे मौजूद थे।

## भामसं की बैठक रायपुर में 3 को

**कोरबा।** भारतीय मजदूर संघ प्रदेश कार्यसमिति की बैठक रायपुर में 3 अगस्त को आयोजित है। इस बैठक में आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। कई ऐसे मामले हैं जिसको लेकर आंदोलन किया जाना है। बैठक में अशोक सूर्यवंशी, माखन वर्मा सहित सभी संयंत्रों के महामंत्री शामिल होंगे। बिजली कर्मचारी महासंघ की बैठक भी 3 अगस्त से जयपुर में आयोजित हो रहा है। इस बैठक में राष्ट्रीय सचिव आरएस जायसवाल व प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ शामिल होंगे।

## नहीं हो रहा समस्या का समाधान, ग्रामीण हलाकान



**कोरबा।** जिले के कोरबा एवं कटघोरा वनमंडल में हाथी समस्या लगातार बनी हुई है। इस समस्या का अब तक स्थाई समाधान नहीं निकल सका है। जिसके कारण ग्रामीण काफी परेशान हैं। दोनों ही डिविजन के ऐतमानगर, केंदई, पसान, जटगा, कुदमुरा व करतला क्षेत्र में मौजूद हाथी कभी भी आबादी वाले क्षेत्रों में पहुंच जाते हैं और ग्रामीणों के घरों को नुकसान पहुंचाकर चले जाते हैं। हाथी खेतों में भी पहुंचकर वहां लगे फसलों को लगातार रौंद रहे हैं। जिसके कारण ग्रामीणों को काफी आर्थिक चपत भी लग रही है। हालांकि हाथियों द्वारा किए गए नुकसानी की भरपाई के लिए वन विभाग द्वारा मुआवजा दिए जाने का प्रावधान है। किंतु विभाग द्वारा दिया जाने वाला मुआवजा काफी कम होता है। जिसके कारण ग्रामीणों को हुई क्षति की पूरी भरपाई नहीं हो पाती। ग्रामीण इससे आक्रोशित भी रहते हैं। ग्रामीणों द्वारा सुरक्षा की भी गुहार लगाई जाती है।

## रिटायर कर्मियों का सम्मान

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा प्रोजेक्ट में कल 10 कोयला कामगारों के रिटायर होने पर उनका अधिकारियों व यूनियन प्रतिनिधियों के द्वारा सम्मान किया गया। इस दौरान छंदराम राठौर, शेख चांद मंसूरी, हर नारायण केशरवानी, कृपाल सिंह, विरेंद्र राठौर, कुलदीप कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह में आयोजित एक समारोह में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को विदाई दी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## बेतरतीब खड़े वाहनों पर कार्रवाई

**कोरबा।** बढ़ते सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और सड़क सुरक्षा के लिए जिले में परिवहन विभाग की उड़नदस्ता टीम हाइवे बेतरतीब खड़े मालवाहकों पर कार्रवाई कर रही है। इंस्पेक्टर सीके साहू के नेतृत्व में टीम नेशनल व स्टेट हाइवे समेत अन्य मुख्य मार्गों पर नियम विरुद्ध बेतरतीब ढंग से खड़े हुए वाहनों पर कार्रवाई की गई।

# आयुक्त ने किया जनसमस्या निवारण शिविर का निरीक्षण-अधिकारियों को दिया मार्गदर्शन

**कोरबा** ।कोरबा जिला नगर निगम द्वारा बुधवार को 07 वार्डो में जनसमस्या निवारण शिविर लगाए गए। आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने शिविर का निरीक्षण किया, शिविर संचालन व वहाँ की त्रुटिरहित व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनसमस्या निवारण शिविर के चौथे दिन शिविर के दौरान साफ-सफाई, स्ट्रीट लाईट मरम्मत आदि से जुड़ी दर्जनों शिकायतों का तत्काल निराकरण किया गया, स्वच्छता संबंधी प्राप्त 18 शिकायतों में से सभी 18 शिकायतों का निराकरण एवं स्ट्रीट लाईट मरम्मत हेतु प्राप्त 45 शिकायतों में 26 शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए स्ट्रीट लाईट मरम्मत कराई गई, लोगों को नवीन राशन कार्ड मिले, आयुष्मान व आधार कार्ड प्राप्त हुए।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन के दिशा-निर्देशों के तहत प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के साथ-साथ नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में जनसमस्या निवारण पखवाड़े का आयोजन किया जा



कर वार्डो में शिविर लगाए जा रहे हैं। बुधवार को निगम के वार्ड क्र. 06 इतवारी बाजार सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 03 राताखार टावर चौक सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 20 सामुदायिक भवन उप स्वास्थ्य केन्द्र के पास, वार्ड क्र. 26 सामुदायिक भवन दशहरा मैदान, वार्ड क्र. 37 इंदरा मार्केट सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 46 नवधा पण्डाल अयोध्यापुरी, वार्ड क्र. 58 इमलीछापर चौक पार्षद घर के पास सामुदायिक भवन में शिविर लगाए गए। आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने शिविर में पहुंचकर वहाँ की व्यवस्थाओं को देखा तथा प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण की कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

इस मौके पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त पवन वर्मा, जोन कमिश्नर प्रकाश चन्द्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, योगेश राठौर, पीयूष राजपूत आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कोरबा, टी.पी. नगर, कोसाबाड़ी, रविशंकर शुक्लनगर, बालको, दर्री व सर्वमंगला जोन के अंतर्गत आयोजित इन सातों शिविरों में साफ-सफाई से संबंधित प्राप्त 18 शिकायतों में से सभी 18 शिकायतों का आज ही तत्काल निराकरण कराया गया, वहीं स्ट्रीट लाईट मरम्मत कार्य से जुड़ी 45 शिकायतें प्राप्त हुई, इनमें से 26 शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए स्ट्रीट लाईट की मरम्मत कराई गई, शेष 19 शिकायतों पर आगे कार्यवाही की जाएगी। वहीं सड़क, नाली मरम्मत व निर्माण से संबंधित मांग से जुड़े आवेदन पत्रों को पंजीकृत करते हुए उन पर प्रक्रियागत कार्यवाही त्वरित रूप से की जाएगी। शिविर में हितग्राहियों को नए राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड व आधार कार्ड भी बनाए गए या उनका नवीनीकरण किया गया। विभिन्न शिविरों में पहुंचे लोगों का स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा आवश्यकतानुसार सुझाव, सलाह व दवाईयाँ उपलब्ध कराई।

## वित्त मंत्री चौधरी लेंगे बैठक

**कोरबा।** प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आज कोरबा आगमन हो रहा है। वे प्रबुद्धजनों की बैठक लेंगे। बजट सहित कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। प्रदेश में किए जा रहे कार्यों को लेकर भी विचार विमर्श किया जाएगा। उनके आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, वैशाली रत्नपारखी, मनोरमा शर्मा, मीना शर्मा, मंजू सिंह, सरजू अजय आदि उनका स्वागत किया जाएगा।

## डीएपी की कमी

**कोरबा।** जिले के आदिवासी सेवा सहकारी समितियों में डीएपी का स्टॉक खत्म हो जाने के कारण किसानों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149 मोबाईल : 94252-24167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल Tarunpresskrb@gmail.com